

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 273 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 28 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


पेज -4 पर विधायक गुलाब कमरो ने पौधा लगाकर एक पौधा श्रीराम के नाम कार्यक्रम ...

आदिवासी समुदायों को अ.ज.जा. सूची में शामिल करने वाला विधेयक संसद .. पेज -8 पर

## विरोध के बावजूद कर रहे निजी भूमि का उपयोग

# प्रभावित किसानों के हितों को रौंद रही मलका कंपनी!

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

क्षेत्र में कई ऐसी बड़ी परियोजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है जिनका एकमात्र उद्देश्य विकास है। कुछ प्रोजेक्ट के स्थापित होने पर स्थानीय लोगों को लाभान्वित किए जाने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन विकास के नाम पर आम लोगों के हितों को दरकिनार कर अपना स्वार्थ साधने का संगठित प्रयास अभी भी जारी है।



जैसा कि हमने पहले भी इस बात को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसमें हमने बताया था कि किस तरह से नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक परियोजना से जुड़े कार्य को बेधड़क अंजाम दिया जा रहा है। यह सिलसिला अब भी बदस्तूर जारी है और हर बार की तरह जिम्मेदार अब भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र में एक जल विद्युत परियोजना का काम तेज गति से चल रहा है। जिसके लिए धरमजयगढ़ मांड नदी से लगे हुए प्रभावित क्षेत्र में नहर निर्माण का काम किया जा रहा है। इस बड़े प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन मेसर्स मलका रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस परियोजना के लिए वन व राजस्व भूमि के कुछ हिस्से प्रभावित हो रहे हैं। जिनके उपयोग के लिए संबंधित कंपनी को एनओसी मिल गई है। लेकिन अब यह बात सामने आ रही है कि परियोजना क्षेत्र में जिन किसानों की निजी भूमि प्रभावित हो रही है उस पर प्रभावित किसानों के विरोध के बाद भी काम शुरू कर दिया गया है और भूमि स्वामी अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। धरमजयगढ़ के दमास में जिन किसानों की जमीन इस परियोजना में आ रही है उनमें से कुछ लोगों से हमने बात की। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अब तक उनकी जमीन का मुआवजा राशि नहीं दिया गया है और कंपनी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके मना करने के बावजूद जिम्मेदार अपनी मनमानी करने पर तुले हुए हैं। वे कहते हैं कि खेती के दिनों में उनके जमीन पर काम शुरू कर दिया गया है जिससे उस जमीन पर फसल नहीं लगा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर संबंधित कंपनी के जिम्मेदार सिर्फ आश्वासन के भरोसे लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

यह हद दर्जे की मनमानी का एक छोटा सा नमूना है जिसमें नियमों को ताक पर रखकर जिम्मेदार अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं। यही नहीं, इस परियोजना के क्रियान्वयन में कई ऐसे तथ्यों को गंभीर रूप से नजरअंदाज किया जा रहा है जो स्थानीय लोगों के लिए नुकसानदेह और नियमों के विपरीत है। इस पूरे मामले पर सिलसिलेवार तरीके से उन विषयों को सामने लाएंगे जिससे यह एकदम साफ हो जायेगा कि संबंधित जिम्मेदार विकास के नाम पर किस तरह से स्थानीय प्रशासन व लोगों को छलने का काम कर रही है।



### मुआवजे को लेकर संशय

*इस मामले में प्रभावित किसानों के जमीन के मुआवजे के संबंध में धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल ने बताया कि संबंधित कंपनी द्वारा मुआवजा दिए बिना निजी भूमि का उपयोग करना गलत है। उन्होंने बताया कि कंपनी प्रभावित किसानों की जमीन की रजिस्ट्री कराएगी। वहीं, इस परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक सिंह ने इस प्रोजेक्ट को लेकर पूछे गए सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया। वे हर सवाल का गोलमोल जवाब देते रहे। प्रोजेक्ट मैनेजर के इस तरह के रवैये से यह स्पष्ट हो जाता है कि वास्तविक तथ्यों को छिपाते हुए विकास की झूठी बुनियाद खड़ी की जा रही है।*

# भाजपा से हरिराम राठिया हो सकते हैं सशक्त उम्मीदवार?

### संघ से करीबी रिश्ता मजबूती का कारण

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पिछले कुछ महीनों से सरकार को घेरने कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हर मुद्दे एवं विषय को पार्टी गंभीरता से भुनाने की कोशिश कर रही है।



वहीं विधायक प्रत्याशी को लेकर भी अलग अलग तरीके से सर्वे करा रही है। इस बार प्रत्याशी चयन में फ ूंक फूं क कर पांव रखेगी। वहीं आदिवासी नेता टिकट की दावेदारी के लिए अभी से लाबिंग शुरू कर दिए हैं। लेकिन संघ की बढ़ती गतिविधि को देखकर लगता है कि इस बार प्रत्याशी चयन में संघ का विशेष महत्व रहेगा। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भी अनेक आदिवासी नेता टिकट की दौड़ में शामिल हो रहे हैं। कुछ पुराने चेहरे हैं तो कुछ नए चेहरे दिखाई देने लगे हैं। जो पार्टी के कार्यक्रमों में सामने रहने की कोशिश कर रहे हैं। यदि प्रत्याशी चयन में संघ की भूमिका रहेगी तो धरमजयगढ़ विधानसभा से हरिराम राठिया का नाम सबसे ऊपर रहेगा।

राजनीति में यह नाम नया हो सकता है लेकिन क्षेत्र के लिए हरिराम राठिया बहुत ही जाना पहचाना नाम है। धरमजयगढ़ मुख्यालय से 5 किलोमिटर दूर ग्राम ओंगना निवासी हरिराम राठिया वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खंड कार्यवाह के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। जो बिलकुल ही साफ सुथरी बेदाग छवि के मिलनसार व्यक्ति हैं। जिनकी दिनचर्या सादगी से परिपूर्ण है। हरिराम राठिया कभी भी चप्पल या जूता नहीं पहनते हैं। ग्राम ओंगना का गोंटिया होने के कारण लोग उन्हें हरि गोंटियां के नाम से पुकारते हैं। पिछले कार्यकाल में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धरमजयगढ़ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। आदिवासी समाज के अलावा अन्य समाज में भी इनकी अच्छी खासी छवि बनी है।

# 3 हजार से ज्यादा डॉक्टर जाएंगे हड़ताल पर

### काली पट्टी लगाकर जताया विरोध, अब एक अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

रायपुर। प्रदेश के सबसे बड़े अंबेडकर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स और पोस्ट पीजी रेजिडेंट्स 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। स्टाइपेंड और बॉन्ड कम करने की मांग को लेकर ये हड़ताल होगी।



रायपुर के अलावा सरगुजा, कांकेर, जगदलपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव के सरकारी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स भी काम बंद कर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। अपनी मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टर्स ने आज अस्पताल में काली पट्टी लगाकर मरीजों का इलाज किया।

छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ प्रीतम दास ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जूनियर डॉक्टर्स को मिलने वाला स्टाइपेंड दूसरे राज्यों के मुकाबले बेहद कम है। उन्होंने बताया कि आस-पास के स्टेट एमपी, झारखंड से भी कम स्टाइपेंड प्रदेश के जूनियर डॉक्टर्स को मिलता है। दूसरे प्रदेशों में जहां 95 हजार रुपए तक दिया जाता है। वहीं छत्तीसगढ़ में 50-55 हजार रुपए ही मिलते हैं।

## एक नजर

### चंदेल की कांग्रेसियों को राय कि कम से कम झूठ बोलने में एक राय हों



**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा है कि कांग्रेस में कार्य करने या सच बोलने में कभी एक राय तो रही नहीं। अब अंतर्कलह इतनी बढ़ गई है कि झूठ बोलने में भी इनमें सामंजस्य नहीं है। चंदेल ने कहा है कि कल कांग्रेस ने प्रेस वार्ता लेकर बताया उन्होंने जन घोषणा पत्र के 36 में से 34 वादे पूरे कर दिए हैं। अभी कुछ दिनों पहले विधानसभा सत्र के दौरान एक पत्रकार को इंटरव्यू देते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने 12 वादे पूरे किए हैं 12पर कार्य हो रहा है और 12 हमने नहीं छुआ है। कांग्रेसियों को मेरी राय है कि कम से कम झूठ बोलने के मामले में एक राय होकर बयान दे। क्योंकि जन घोषणापत्र की सच्चाई तो जनता जानती है कि शराबबंदी की बात करें, संपत्ति कर आधा करने की बात करें, गजराज परियोजना की बात करें या और भी विभिन्न बात करें वह पूरे नहीं हुए हैं ।

### संविदा कर्मचारियों को जल्द मिल सकता है नियमितीकरण का तोहफा

# मंत्रिमंडल में चर्चा हुई है, जल्द लिया जाएगा फैसला- मंत्री रविन्द्र चौबे

रायपुर। छत्तीसगढ़ में दैनिक वेतनभोगी अनियमित और संविदा कर्मचारियों को 15 अगस्त तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नियमितीकरण का तोहफा दे सकते हैं। इसको लेकर मंत्री रविन्द्र चौबे का बड़ा बयान सामने आया है, उन्होंने कहा कि नियमितीकरण के मुद्दे को लेकर मंत्रिमंडल स्तर में चर्चा हो गई है। जल्द ही सरकार इस पर निर्णय लेने वाली है।



सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव एसके सिंह ने सभी सरकारी विभागों को 25 जुलाई को एक पत्र जारी किया है। इसमें नए सिरे से संविदा और दैनिक वेतन भोगी, अनियमित दैनिक श्रमिकों की जानकारी मांगी गई है।

इसमें साल 2004 से 2018 और 2019 से 2023 तक सीधी भर्ती के पदों पर नियुक्ति और संविदा, अनियमित और दैनिक वेतन पर कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग जानकारी तैयार करने को कहा गया है। इस काम को प्राथमिकता के साथ तत्काल सभी विभागों में सात दिन के भीतर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### सर्कुलर के साथ भेजा गया है फॉर्मेट

सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने सभी विभागों के साथ ही निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड और संस्थाओं को स्वीकृत पदों पर नियुक्त कर्मचारियों की वर्गवार जानकारी देने को कहा है। इसमें पहले से चौथे श्रेणी तक सीधी भर्ती के अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के अधिकारियों-कर्मचारियों के स्वीकृत और रिक्त पदों सहित कर्मचारियों की संख्या मांगी है। इसके लिए सर्कुलर के साथ ही अलग से फॉर्मेट भी भेजा गया है। जिसके आधार पर जानकारी देना है।

### 15 अगस्त को सीएम कर सकते हैं घोषणा

*ऐसा माना जा रहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग से जिस फॉर्मेट में जानकारी मांगी गई है और सात दिन का समय देकर तत्काल जानकारी भेजने के लिए गया है। इससे उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव के पहले राज्य सरकार कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर बड़ा फैसला ले सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 15 अगस्त को कर्मचारियों को नियमितीकरण का तोहफा देने की घोषणा कर सकते हैं।*

## निखिल चंद्राकर को बलात्कार के मामले में जेल भेजा गया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाले के सूत्रधार कहे जाने वाले सूर्यकांत तिवारी के करीबी निखिल चन्द्राकर को खम्हारडीह थाना पुलिस ने गुरूवार को बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया । ज्ञात रहे कि छत्तीसगढ़ में हुए 550 करोड़ के कोयला घोटाले में वह अभी भी रायपुर सेंट्रल जेल में बंद है। उसे खम्हारडीह थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर वापस सेंट्रल जेल शिफ्ट कर दिया।

# बच गई छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष व सदस्यों की कुर्सी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष व सदस्यों की कुर्सी बच गई है. सरकार ने नियुक्ति रद्द करने वाला आदेश निरस्त कर दिया है. सरकार के नए आदेश से मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल की कुर्सी और कैबिनेट मंत्री का दर्जा बरकरार रहेगा, इसके साथ मंडल के सदस्य श्याम जायसवाल, अनिल सिंह, मंजू सिंह, बलराम मौर्य और दुर्गेश जायसवाल भी पद पर बने रहेंगे। बता दें कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो गया है, जिसकी वजह से श्रम विभाग ने मंडल अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया. इसके कुछ देर बाद ही दूसरा आदेश जारी किया गया. बता दें कि राज्य के ज्यादातर निगम मंडलों में हुई नियुक्तियों की समय सीमा समाप्त हो गई है।




**नियुक्ति रद्द करने वाले आदेश के तत्काल बाद जारी हुआ नया आदेश**

समीक्षा... सीएसआईडीसी के अधिकारियों की बैठक लेकर की काम-काज की समीक्षा

# स्थानीय वैद्यों की पहचान कर औषधीय जड़ी-बूटियों को संरक्षित करने की दिशा में करें काम: डॉ नंद कुमार साय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष डॉ. नंद कुमार साय ने बुधवार को गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर काम-काज की समीक्षा की। बैठक में डॉ. साय ने कहा कि प्रदेश के स्थानीय वैद्यों की पहचान कर औषधीय जड़ी-बूटियों को संरक्षित करने के लिए कार्य योजना तैयार किया जाए।



**स्थानीय वैद्यों की पहचान कर औषधीय जड़ी-बूटियों को संरक्षित करने की दिशा में करें काम**

**सीएसआईडीसी के अध्यक्ष ने वनौषधि पार्क बनाने पर दिया जोर**

उन्होंने औद्योगिक विकास के तहत छत्तीसगढ़ औषधीय पादप बोर्ड से समन्वय कर वनौषधि पार्क बनाने पर भी जोर दिया। बैठक में मरवाही विधायक डॉ. के.के. ध्रुव, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया, वन मंडलाधिकारी श्री सत्यदेव शर्मा, एसडीएम पेंड्रारोड श्री पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सीएसआईडीसी के अध्यक्ष डॉ. साय ने कहा कि गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला वन और आदिवासी बाहुल्य जिला है।

# छत्तीसगढ़ में डिरेल हुई मालगाड़ी, अकलतरा में 12 बोगियां पटरी से उतरी

### कई यात्री ट्रेनों को आउटर में रोका गया; हावड़ा-मुंबई रूट प्रभावित

**रायपुर।** बिलासपुर रेल मंडल में अकलतरा रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी डिरेल हो गई है। जिससे 12 बोगियां पटरी से उतर गई हैं। 10 से ज्यादा यात्री ट्रेनों को आउटर में रोका गया है। अकलतरा स्टेशन के पास यह हादसा दोपहर 3 बजे के आसपास हुआ है।



जानकारी के मुताबिक, मालगाड़ी बिलासपुर से रायगढ़ की ओर जा रही थी, तभी अकलतरा और नैला रेलवे स्टेशनों के बीच अकलतरा ईस्ट केबिन के पास मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना के बाद से रुट पूरी तरह से प्रभावित है। ट्रैक पर बिखरे वैगन को हटाने के लिए कोरबा-बिलासपुर से टीम पहुंच गई है।

### ट्रैक चेंज करने के दौरान हादसे की संभावना

मालगाड़ी जब मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग मिडिल लाइन पर आई तब ईस्ट केबिन के पास ट्रैक चेंज किया गया था। इसी दौरान हादसा होने की संभावना जताई जा रही है। रेलवे ट्रैक को सुधारने का काम शुरू कर दिया गया है। रेलवे मंडल के पीआरओ अंबिकेश साहू ने बताया कि, घटना दोपहर करीब 3 बजकर 5 मिनट की है।

# लोग यदि भारतीय नागरिकता छोड़ते रहे तो भारत में प्रतिभाएं कैसे बचेंगी?

केंद्र की भाजपा सरकार का जोर मेक इन इंडिया पर है। केंद्र सरकार दुनिया भर की महत्वपूर्ण तकनीक देश में मंगाकर उसे विकसित करने पर लगी है, पर इस पर जोर नहीं है कि भारत में बना सब भारतीयों का हो। विदेशी तकनीक से देश में उपकरण बनाने पर जोर है, विदेशी तकनीक लाने पर जोर है, पर विदेशों में जाकर बस रहे अपने तकनीशियन, विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के वापस देश में लाने पर किसी का ध्यान नहीं है। भारत का ध्यान इस ओर क्यों नहीं है कि उसके प्रवासी देश वापस लौटें और देश के विकास में योगदान करें।

आंकड़े कहते हैं कि भारी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भारतीय दूसरे देशों में जाकर बस रहे हैं। प्रवासी सम्मेलन हम हर साल कराते हैं। दुनिया भर में बसे प्रवासियों के प्रतिनिधियों को बुलाते हैं। उनसे बात करते हैं बस। कभी गंभीरता से यह प्रयास नहीं हुआ कि विदेशों में बसे भारतीयों को भारत वापिस लाने पर काम किया जाए।

केंद्र सरकार ने राज्यसभा को सरकारी आंकड़ों के हवाले से यह जानकारी दी कि साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है। राज्य सभा में क्रमबद्ध तरीके से नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों को हर साल का आंकड़ा पेश किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है। नागरिकता छोड़ने वालों में पिछले साल के 2,25,620 व्यक्त भी शामिल थे, जो इस अवधि के दौरान सबसे अधिक थे, जबकि 2020 में सबसे कम 85,256 व्यक्तियों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी। उन्होंने बताया कि साल 2015 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 1,31,489 थी, जबकि 2016 में 1,41,603 लोगों ने नागरिकता छोड़ी और 2017 में 1,33,049 लोगों ने नागरिकता छोड़ी। उनके मुताबिक 2018 में यह संख्या 1,34,561 थी, जबकि 2019 में 1,44,017, 2020 में 85,256 और 2021 में 1,63,370 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी थी। विदेश मंत्री के अनुसार, 2022 में यह संख्या 2,25,620 थी। जयशंकर ने कहा कि संदर्भ के लिए 2011 के आंकड़े 1,22,819 थे, जबकि 2012 में यह



1,20,923, 2013 में 1,31,405 और 2014 में 1,29,328 थे। वर्ष 2011 के बाद से भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की कुल संख्या 16,63,440 है। उन्होंने कहा कि सूचना के मुताबिक, पिछले तीन वर्षों के दौरान पांच भारतीय नागरिकों ने संयुक्त अरब अमीरात की नागरिकता प्राप्त की है। जयशंकर ने उन 135 देशों की सूची भी उपलब्ध कराई जिनकी नागरिकता भारतीयों ने हासिल की है।

> केंद्र सरकार ने राज्यसभा को सरकारी आंकड़ों के हवाले से यह जानकारी दी कि साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है। राज्य सभा में मबद्ध तरीके से नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों को हर साल का आंकड़ा पेश किया।

गृह मंत्रालय के मुताबिक़ साल 2021 में 163,370 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। संसद में पेश किए गए दस्तावेज़ में कहा गया है कि इन लोगों ने निजी वजहों से नागरिकता छोड़ने का फ़ैसला किया है। सबसे ज़्यादा 78,284 लोगों ने अमेरिकी नागरिकता के लिए भारत की नागरिकता छोड़ी। इसके बाद 23,533 लोगों ने ऑस्ट्रेलिया और 21,597 लोगों ने कनाडा की नागरिकता ली। चीन में रह रहे 300 लोगों ने वहाँ की नागरिकता ले ली और 41 लोगों ने पाकिस्तान की। साल 2020 में नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 85,256 थी और साल 2019 में 144,017 लोगों ने नागरिकता छोड़ी थी। साल 2015 से 2020 के बीच आठ लाख से ज़्यादा लोगों ने नागरिकता छोड़ दी। 2020 में इन आंकड़ों में कमी देखने को मिली थी, लेकिन इसके पीछे की वजह कोरोना माना जा रहा है।

संसद में जब पूछा गया कि ये भारतीय अपनी नागरिकता क्यों छोड़ रहे हैं, तब भारत के गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इन्होंने व्यक्तिगत कारणों से अपनी नागरिकता छोड़ी। भारतीयों के विदेश जाने और यहां तक कि अपनी नागरिकता छोड़ने के बहुत से कारण होते हैं। लेकिन एक मुख्य वजह बेहतर जीवन की तलाश होती है। इंटरनेशन्स द्वारा 2021 में किए गए एक्सपैट इनसाइडर सर्वे के अनुसार, 59 फीसदी भारतीयों ने रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए विदेश में बसना पसंद किया। अपने जीवन में बेहतरी की चाहत को पूरा करने के लिए भारतीयों ने अमेरिका का सबसे ज्यादा पसंद किया है। अमेरिका में, भारतीय अमेरिकी दूसरा सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। वहां, यह समूह धनी और सबसे शिक्षित में से एक है। आंकड़े बताते हैं कि एक भारतीय अमेरिकी परिवार की औसत आय करीब 123,700 डॉलर है, जो भारत की औसत आय 63,922 डॉलर से लगभग दोगुनी है। जहां तक शिक्षा का संबंध है, अमेरिका में भारतीय समुदाय के 79 फीसदी लोग ग्रेजुएट हैं, जबकि वहां का राष्टीय औसत 34 प्रतिशत है। भारतीयों के विदेश में बसने और अपनी नागरिकता छोड़ने का एक दूसरा अहम और तेजी से उभरता कारण 'गोल्डन वीजा' कार्यक्रम है। कई देश यह सुविधा उपलब्ध कराते हैं। सिंगापुर और पुर्तगाल जैसे देश यह कार्यक्रम चलाते हैं। इस कार्यक्रम में अमीर व्यक्तियों को नागरिकता हासिल करने के बदले इन देशों में बड़ी मात्रा में निवेश करना होता है। हाल के वर्षों में ऐसे कार्यक्रमों को पसंद करने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ी है।

अशोक मधुप

## संपादकीय

### जनादेश का सबक

अगर सरकारें कुछ ऐसी पहल करें, जिनसे जनता को राहत मिले, तो उसके समर्थक उसे बचाए रखने में अपना हित समझने लगते हैँ। साचेंज सरकार ने न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने से लेकर कई खास काम अपने कार्यकाल में किए। कोरोना काल में उसने कुछ अनोखी योजनाएं लागू कीं। स्पेन में रविवार को हुए आम चुनाव की पृष्ठभूमि ऐसी थी कि पांच दशक में वहां पहली धुर दक्षिणपंथी पार्टी के सत्ता में हिस्सेदार बनने की चर्चाएं लगातार हावी रहीं। ढाई महीने पहले देश में हुए स्थानीय चुनावों में 12 में से नौ क्षेत्रों में दक्षिणपंथी पीपुल्स पार्टी (पीपी) और धुर दक्षिणपंथी वॉक्स पार्टी को भारी कामयाबी मिली। इससे हिले सोशलिस्ट प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने साल भर पहले संसदीय चुनाव कराने का फैसला कर लिया। अब आए चुनाव नतीजों से साफ है कि उनका ये दांव कामयाब रहा। विपक्षी कंजरवेटिव पीपी हालांकि अपनी सीटें बढ़ाने में सफल रही, लेकिन वह बहुमत से बहुत दूर रह गई। संभावना जताई गई थी कि पीपी को अगर अपना बहुमत नहीं मिला, तो वॉक्स पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाने की स्थिति में वह होगी। लेकिन ये सूरत भी नहीं बनी है, क्योंकि 2019 के चुनाव की तुलना में वॉक्स पार्टी की सीटों और वोट प्रतिशत में काफी गिरावट आ गई है। दूसरी तरफ सोशलिस्ट पार्टी को दो ज्यादा सीटें मिलीं, जबकि उसकी सहयोगी वामपंथी सुमार पार्टी अपनी 31 सीटों की रक्षा करने में सफल रही। कुछ छोटे वामपंथी दलों का समर्थन सोशलिस्ट पार्टी को मिलने की संभावना है, जिससे 350 सदस्यीय सदन में उसकी 172 सीटें हो जाएंगी।

# अवैध प्रवासन- जान की कीमत पर विदेश जाने से क्या लाभ, हर समय लटकी रहती है तलवार

हाल के वर्षों में फर्जी एजेंटों द्वारा बेरोजगार युवकों और जीवन-यापन की कठिन परिस्थितियों से मुक्ति पाने के इच्छुक लोगों को पूरे परिवार सहित दूसरे देशों में गैर-कानूनी रूप से भेजे जाने की घटनाएं प्रकाश में आई हैं। कुछ फर्जी एजेंटों की गिरफ्तारियां भी हुई हैं, क्योंकि उनके द्वारा भेजे जा रहे लोग रास्तों में अपनी जान गंवा बैठे हैं। यूरोपीय देश सर्बिया जाने के लिए दिसंबर, 2022 तक भारतीयों को पूर्व वीजा की जरूरत नहीं थी। इसका फायदा उठाते हुए फर्जी एजेंटों द्वारा बहुत से भारतीयों को सर्बिया ले जाकर 'मंकी रूट' से दूसरे यूरोपीय देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करा दिया जाता था। नतीजतन एक जनवरी, 2023 से सर्बिया ने यह सुविधा खत्म कर दी।

दिसंबर, 2022 में गुजरात पुलिस ने मेहसाणा जिले से भरम



> अवैध तरीके से विदेश जाने से जहां फर्जी एजेंटों द्वारा लोगों की कमाई हड़पी जाती है, वहीं जान जाने या पकड़े जाने का जोखिम भी रहता है।

पटेल उर्फ बॉबी पटेल नामक एक एजेंट को पकड़ा, जो लाखों की रकम वसूल कर फर्जी तरीके से लोगों को अमेरिका भेजा करता था। उसके पास से 94 फर्जी पासपोर्ट बरामद हुए थे। वर्ष 2022 में 16,236 भारतीयों को अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करते पकड़ा गया था। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि 2021-22 में कुल 63,927 भारतीय फर्जी तरीके से अमेरिका में घुसे। वर्ष 2022 में टेक्सास की सीमा पर दीवार से गिरकर एक भारतीय की मौत हो गई। अमेरिकी पुलिस ने गुजरात पुलिस से संपर्क भी साधा, मगर फर्जी एजेंटों की गतिविधियां जारी हैं।

अप्रैल, 2023 में पंजाब के पठानकोट की पुलिस ने दो फर्जी एजेंटों को गिरफ्तार किया था, जो गैर-कानूनी रूप से बेरोजगारों को विदेश भेजकर धन की उगाही करते थे। पंजाब में विगत एक दशक में फर्जी तरीके से विदेश भेजे जाने वाले मामलों में सात गुना बढ़ोतरी देखी गई है। ज्यादातर मामलों में पीड़ित पक्ष के लोग मदद के लिए पुलिस तक जाने का साहस नहीं करते, मगर जालंधर के जगतार चंद ने अपनी बेटी को फर्जी छात्र वीजा पर विदेश भेजने के मामले में बृजेश मिश्रा नामक एक एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

विगत 12 जुलाई को गुजरात की चेतन राबरी ने प्रांतिज पुलिस स्टेशन (जिला साबरकांठा) को सूचित किया कि उनके पति चार फरवरी से लापता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महेंद्र पटेल और जॉनी पटेल नामक दो एजेंटों ने उनके पति को अमेरिका भेजने के लिए सत्तर लाख रुपये लिए थे, लेकिन फरवरी से उनके पति का कोई अता-पता नहीं है। बाद में पता चला कि राबरी के पति सहित नौ लोगों को उन एजेंटों ने फर्जी तरीके से अमेरिका भेजा था। एक साल के अंदर केवल गुजरात में यह तीसरा मामला पुलिस के सामने आया है। अभी वे लोग कहां हैं, इसका कोई पता नहीं है। जनवरी, 2023 में चार सदस्यीय गुजराती परिवार ने कनाडा-अमेरिका सीमा पर न्यूयॉर्क के करीब लारेंज नदी की बर्फ में दबकर जान गंवा दी थी।

रोजगार की बेहतर संभावना की तलाश में लोग अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों में काम दिलाने का वादा करने वाले फर्जी एजेंटों के शिकार बन रहे हैं। विगत वर्षों में कितने भारतीय अवैध तरीकों से विदेश गए, इनके आंकड़े जुटा पाना आसान नहीं है। चोरी-छिपे विदेश भेजे जाने की घटनाएं तभी सामने आती हैं, जब कोई दुर्घटना होती है या लोग पकड़े जाते हैं।

अवैध तरीकों से विदेश जाने की यात्राएं जोखिम भरी होती हैं। लोगों को फर्जी एजेंटों द्वारा टैंकरों, खतरनाक समुद्री रास्तों या नदी मार्गों के जरिये दूसरे देशों में अनुचित दस्तावेजों के सहारे भेज दिया जाता है। इससे एक ओर फर्जी एजेंटों द्वारा लोगों की कमाई हड़पी जाती है, दूसरी ओर या तो उनकी जान जाती है या वे पकड़ लिए जाते हैं। मूल और गंतव्य, दोनों देशों की सरकारें अवैध प्रवासन को रोकने पर तेजी से ध्यान केंद्रित कर रही हैं। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संभावित प्रवासियों को जोखिमों के बारे में शिक्षित करना, सीमा नियंत्रण उपायों को मजबूत

सुभाष चंद्र कुशवाहा

## मिला जुला

# रोजगार मूलक लोन प्रकरण का प्राथमिकता से करें निराकरण- सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव

ऋण अस्वीकृति का स्पष्ट कारण के साथ आवेदन प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने रीपा के लोन प्रकरण के संबंध में बैंकों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। सीईओ यादव ने जिले में स्थापित रीपा वार हितग्राहियों के लंबित लोन प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी रोजगार मूलक गतिविधियां संचालित करने हितग्राहियों का लोन प्रकरण बनाया गया हैं। जिससे ग्रामीण अंचल में रोजगार गतिविधियों का विस्तार होगा एवं अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध होगा। अत: ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने पीएमईजीपी से संबंधित लोन प्रकरणों का हितग्राहीवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को योजना के संबंध



**रीपा गोठानों के हितग्राहियों के लोन प्रकरणों की हुई समीक्षा, बैंक प्रतिनिधियों की ली बैठक**

में जानकारी देकर लाभान्वित करें। इस दौरान उन्होंने फ्लाई ब्रिक्स, स्टूडियो, मशरूम यूनिट जैसे विभिन्न लंबित लोन प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अंत्यावसायी विभाग के लोन प्रकरण की भी समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारी से विभागीय टारगेट एवं बैंको में



भेजे लोन प्रकरण की जानकारी लेते हुए बैंकों को निर्देशित किया कि विभाग द्वारा छोटे व्यवसाय हेतु लोन प्रकरण प्रेषित किया जाता हैं। जो जरूरतमंद लोगों के होते हैं, जिनका उद्देश्य बेहतर जीवन यापन हेतु स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करना होता हैंए ऐसे प्रकरणों को संवेदनशीलता पूर्वक निराकरण करना चाहिए। सीईओ जिला



पंचायत यादव ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि प्रत्येक लोन प्रकरणों का हितग्राहीवार जानकारी रखें।

बैंकों द्वारा बताया गया कि कई लोन प्रकरण में हितग्राहियों द्वारा लोन लेने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया जा रहा है। जिस पर जिला पंचायत सीईओ यादव ने कहा कि हितग्राहियों द्वारा ऋण अस्वीकृति का स्पष्ट कारण के साथ आवेदन प्रस्तुत करें। इसके साथ ही बड़े लोन स्वीकृत नहीं होने पर छोटे लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के सक्षमता अनुसार जो व्यवसायिक दृष्टि से कार्य करना चाहते है उन्हें बड़े लोन भी स्वीकृत किए जाए। जिससे उन क्षेत्रों में वृहद व्यवसाय प्रारंभ हो सके।

इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मुख्य महा प्रबंधक शिव कुमार राठौर, सहायक संचालक उद्यान डॉ. कमलेश दीवान, एपेक्स बैंक से सुनील सोढ़ी, सहायक संचालक मछली पालन एम.के. पाटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी बाबू भाई श्रीवास एवं बैंको के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सामान्य प्रशासन समिति व सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़- सूरजपुर।

जिला पंचायत के सभा कक्ष में आज सामान्य प्रशासन समिति व सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी मरावी की अध्यक्षता में संपादित की हुई। जिसमें अध्यक्ष के साथ सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य पर गहन चर्चा की। जिसमें स्कूलों में चल रहे मरम्मत के कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी न आये इसके लिये सभी ने एक मत होकर अपना समर्थन दिया। इसके साथ ही स्कूल मरम्मत कार्य की मल्टीपल क्रॉस चैकिंग हो इसके लिए स्कूल के हेड मास्टर, प्राचार्य और संबंधित अधिकारियों के साथ साथ जनप्रतिनिधि भी अपनी भूमिका अदा करेंगे इस पर सहमति बनी। इसके अलावा स्कूलों में शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों के




अनुपात में सामंजस्य रहे, इस विषय पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में पूर्व में आयोजित सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा में पारित किये गये कार्यवाही के संबंध में, कृषि विभाग अंतर्गत बीज वितरण, अनुदान एवं योजनाओं के संबंध में, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत समस्त सड़क मरम्मत कार्य, भुगतान, कार्य प्रगति एवं पूर्णता के संबंध में, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत हैण्ड पम्प की वस्तु स्थिति के संबंध में, वन विभाग अंतर्गत शासन के समस्त योजनाओं की जानकारी तथा वृक्षारोपण के संबंध में, विद्युत विभाग से खराब ट्रांसफार्मर और लो वोल्टेज समस्या वाले क्षेत्रों के निराकरण के स्थिति के संबंध में, 15वां वित्त जिला मद एवं जिला विकास निधि अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिके संबंध में, तथा सर्व विभाग प्रमुख से मासिक आय व्यय की जानकारी व मासिक प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े,बिहारी लाल कुलदीप,सुमन सिंह, सुश्री शशि सिंह, सुहागवती राजवाड़े, दुर्गा सारथी, गीता जायसवाल, लवकेश पैंकरा, अजय श्याम,लक्ष्मी राजवाड़े के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधी तथा जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम व अन्य अधिकारीग उपस्थित थे।

# सहारा में फसी धनराशि की वापसी, ओपी ने अमित शाह का जताया आभार

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहारा में फसी धनराशि की वापसी सहारा रिफंड पोर्टल की शुरुआत हेतु मोदी सरकार का आभार जताते हुए भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ वासियों का पैसा लंबे समय से सहारा कंपनी में फसा हुआ है। आम जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा वापस दिलाने भारत सरकार द्वारा बड़ा कदम उठाया गया है। मोदी सरकार में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा




सहारा रिफंड पोर्टल की शुरुवात किए जाने की जानकारी दी है। प्रदेश की जनता का पैसा वापस किए जाने का मार्ग प्रशस्त किए जाने हेतु अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए ओपी ने जानकारी दी है कि प्रथम चरण में देश भर के निवेशकों का पांच हजार करोड़ रुपए वापस करने का लक्ष्य रखा गया है। मोदी सरकार के इस कदम से देश भर में चार करोड़ निवेशकों को लाभ मिलेगा। प्रथम चरण में 10 हजार रुपए रिफंड किये जाने की जानकारी साझा करने करते हुए ओपी ने कहा इस पोर्टल के जरिए आवेदन करते ही 45 दिनों के अंदर पैसा वापस आएगा। प्रथम चरण में सफलता मिलने पर आगे की प्रक्रिया बढ़ाई जाएगी। वर्षों से सहारा में निवेश पैसों की वापसी के लिए मोदी सरकार द्वारा किए गए विशेष प्रयासों का उल्लेख भी किया।

## मनोरा में लर्निंग लाइसेंस शिविर का हुआ आयोजन

* शिविर में 147 आवेदन का निराकरण कर जारी किया गया है लर्निंग लाइसेंस

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जिला परिवहन विभाग द्वारा विगत दिवस मनोरा के जनपद पंचायत भवन में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया और यातायात नियम संबंधी पम्पलेट वितरित किया गया। परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका निराकरण कर आवेदकों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया है।



## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने विधानसभा निर्वाचन के बुनियादी प्रक्रियाओं पर ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तैयारी के संबंध में बुनियादी चुनावी सभी प्रक्रियाओं से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी से विस्तार से चर्चा की और चुनावी रणनीति तैयार की। इस बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा, स्निग्धा तिवारी, भू-अभिलेख के अधिकारी कोमल साहू, प्रभारी निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, कुंजबिहारी गहरे, गोस्वामी, महावीर और जनसंपर्क अधिकारी शामिल हुए।



# आवारा पशुओं को चिन्हांकित कर की जा रही टैगिंग व लगाई जा रही रेडियम पटटी

सड़कों पर हादसे रोकने पशुपालन विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।

आवारा पशुओं का सड़कों में यत्र-तत्र घूमने, बैठने की वजह से प्राय: दुर्घटना घटित हो जाती है, जिसके चलते पशुधन व मानव जीवन की हानि होती है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गों पर लावारिस पशुओं व आम आदमी की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने पशुधन विकास विभाग को अभियान चलाकर ऐसे उनकी टैगिंग व रेडियम पट्टी लगाने के निर्देश दिए हैं। उक्त आदेश के परिपालन में विभाग द्वारा जिले में स्थित विभिन्न प्रमुख सड़क मार्गों व उनसे लगे गांवों-शहरों में



कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में सहायक शल्यज्ञ डॉ. ममता साहू ने बताया गया कि जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 153 से लगे ग्राम हरदी, गोड़म, दानसरा व टीमरलगा तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 बी से सटी नगर पंचायत भटगांव व सरसीवां में आज आवारा पशुओं को चिन्हांकित कर उनकी टैगिंग की गई, साथ ही उनके गले में रेडियम युक्त रिफ्लेक्टिव बेल्ट बांधे गए। उन्होंने बताया कि इसके पहले, 25 व 26 जुलाई को नगरपालिका सारंगढ़ में लावारिस पशुओं को चिन्हांकित कर अब तक लावारिस पशुओं को 88 टैगिंग एवं 53 रेडियम पट्टी बांधी गई। विभाग के मैदानी अमलों के द्वारा पशुपालकों से अपने पशुओं को सड़कों पर नहीं छोड़ने की अपील भी की जा रही है, जिससे पशुओं और मानव जीवन की क्षति होने से रोका जा सके।

## मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों की बैठक ली

# सड़क से गायों को व्यवस्थित करने, आजादी का अमृत महोत्सव का समापन कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरों की बैठक ली। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि सड़क में गायों को हटाने और उनकी समुचित खाने-पीने, रहने की व्यवस्था करना हमारी नैतिक दायित्व है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पर पालन किया जा रहा है। इसलिए कृपया मन लगाकर ये कार्य करें। उन्होंने कहा कि गायों के गले में रेडियम टैगिंग करें ताकि रात के अंधेरे में वाहन चालकों को रेडियम दूर से दिखाई दे, जिससे वाहन दुर्घटना नहीं हो। मुख्य सचिव ने कहा कि देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव का समापन समारोह 9 अगस्त से 15 अगस्त 2023 के मध्य किया जाना है। जिन स्थानों में अमृत सरोवर के तहत कार्य हुए हैं उन स्थानों में या तालाब या स्कूल के पास यह समारोह किया जाना है, जहां पट्टी में स्थानीय शहीद का नाम अंकित कराया जाना है। इस स्थान पर सेल्फी लेकर भारत सरकार के वेबसाइट में अपलोड करना है। कार्यक्रम के अंत में वीरों का वंदन, फ्लैग मार्च और राष्ट्रगान होगा।

पूरे देश से 7500 कलश दिल्ली पहुंचाई जाएगी। इन वीरों का एक स्मारक बनाया जाएगा। शहीदों के घरों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए राशन दुकानों में इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मुख्य सचिव ने सड़कों के निर्माण के संबंध में कलेक्टरों



### सड़क निर्माण एवं मरम्मत, पीएम किसान सम्मान निधि पर केन्द्रित रहा

को कहा कि 15 सितंबर 2023 तक सड़क निर्माण से जुड़े सारी प्रक्रिया जैसे- स्वीकृति, टेंडर, ठेकेदार का चयन, कार्यादेश जारी करना पूरी कर लें ताकि 15 सितंबर के बाद सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होता रहे। मुख्य सचिव जैन ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ के लिए किसान लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग के लिए पोर्टल, सीएससी से या ऐसे किसान, जिनका मोबाइल और आधार नंबर जुड़ा है वे स्वयं एप के माध्यम से ई-केवायसी कर सकते हैं। उन्होंने कलेक्टरों को कहा कि सभी कलेक्टर्स कृषि, सहकारी संस्था और सीएससी की संयुक्त कार्यवाही कराकर जिले के पात्र किसानों को शत-प्रतिशत इसका लाभ पहुंचाएं। मुख्य सचिव ने जिन जिलों में खाद्य वसूली करना है, वे शीघ्र वसूली कराएं। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने कहा कि खाद्य वसूली की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री बघेल स्वयं कर रहे हैं। एक माह में खाद्य वसूली का कार्य पूरा करें। बैठक के अंत में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने सड़क में बैठे गायों के नियत्रंण के लिए नगरीय निकाय में कांजीहाउस और अस्थाई केयरटेकर की ड्यूटी लगाने कहा। साथ ही नियंत्रण अधिकारी-कर्मचारी का मोबाइल नंबर जारी करें और प्रतिदिन शाम को गाय की रिपोर्ट दें। इसी प्रकार जिन ग्रामों से सड़क गुजर रही है, वहां स्थित गौठानों के नाम, वहां ड्यूटी में तैनात कर्मचारी का नाम, अस्थाई कांजीहाउस बनाने के लिए कहा।

इसी प्रकार पशुधन विभाग को गाय के गले में टैगिंग कार्य पूरा करने कहा। बैठक में डॉ. सिद्दीकी जिले के पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एएसपी महेश्वर नाग, नगरीय निकाय के सभी सीएमओ, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण और प्रधानमंत्री सड़क योजना, मुख्यमंत्री सड़क योजना, खाद्य, पशुधन, पंचायत अधिकारियों के साथ शामिल हुई।

## एक नजर

### वार्ड क्रमांक 48 बोईरदादर के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 7 अगस्त तक कर सकते आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक- 48 बोईदादर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। जिसका पुनः संचालन हेतु 7 अगस्त 2023 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां एवं वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र सहित अन्य दस्तावेज सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कार्यालय कलेक्टर, खाद्य शाखा रायगढ़ में नियत तिथि एवं कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है।

### शा. आईटीआई में कौशल विकास योजना अंतर्गत दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

* 11 अगस्त तक कर सकते आवेदन जमा

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत फोर व्हीलर टेक्नीशियन एवं मुख्यमंत्री कौशल योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रीकल डोमेस्टिक, ड्रायविंग अस्सिटेंट कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक आवेदक 11 अगस्त 2023 शाम 5 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है। फोर व्हीलर टेक्नीशियन, इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक एवं ड्रायविंग अस्सिटेंट कोर्स हेतु आवेदक को 8 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड, रोजगार पंजी प्रमाण-पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो जमा करना होगा। यह प्रशिक्षण रायगढ़ जिले के अंतर्गत आवेदकों के लिए है।

### 29 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित

जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को 28 जुलाई रात्रि 10 बजे से 30 जुलाई के प्रातः 9 बजे तक पूर्णतः बंद रखने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

29 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर शासन ने शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले की सम्पूर्ण देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें को 29 जुलाई 2023 को मोहर्रम के अवसर पर अर्थात 28 जुलाई को रात्रि 10 बजे से 30 जुलाई 2023 के प्रातः 9 बजे तक तक पूर्णतः बन्द रखने का आदेश जारी किया गया है।

### कैरियर गाईडेंस सेमीनार आईपीएस उदित पुष्कर छात्रों को देंगे मार्गदर्शन

* 28 जुलाई को जिला ग्रंथालय में होगा कैरियर गाइडेंस सेशन

* कलेक्टर सिन्हा की पहल पर प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित हो रहा कैरियर गाइडेंस सेमीनार

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार 28 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से जिले में पदस्थ आईपीएस उदित पुष्कर छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत पिछले हफ्ते जिले में पदस्थ सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने छात्रों का मार्गदर्शन किया था।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिली चातुरी नंद

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

छत्तीसगढ़ चौहान समाज की प्रदेशाध्यक्ष चातुरी डिग्रीलाल नंद इन दिनों लगातार क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं को लेकर सामाजिक लोगों और समाज प्रमुखों से भेंट मुलाकात कर रही हैं वही भंवरपुर में कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष लीलाकांत पटेल जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र वैष्णव और कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वैष्णव से मुलाकात कर भंवरपुर क्षेत्र की समस्यायों के बारे में जाना और महिलाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। मुलाकात की कड़ी में झारबंद के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता लोकनाथ पटेल से भी मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया

सदस्यता अभियान के लिए लगातार नंद ग्रामीण जनों एवम सामाजिक जनों से मिल रही है ताकि छत्तीसगढ़। चौहान समाज








को मजबूती मिल सके। शासन की योजना के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल की महत्ता और शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की नंद ने भेंट मुलाकात के इस कड़ी में आज गडगांव के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता पदमू पटेल और सरपंच शिव पटेल से भी भेंट मुलाकात किया इस दौरान नंद के साथ शशिकांत चौहान संस्थापक छत्तीसगढ़ चौहान समाज उदयलाल चौहान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष छत्तिसगढ़ चौहान समाज चमन चौहान युगल किशोर चौहान दसरथी चौहान लक्ष्मी नारायण चौहान कार्यकारी जिला अध्यक्ष सारंगढ़ जागेश भारद्वाज उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत देवरी सरपंच की फर्जी तरीके से अलग-अलग कार्यों में लाखों रुपए गमन करने के संबंध में ग्रामीणें ने कलेक्टर से शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़- सक्ति।

बड़ी खबर ग्राम पंचायत देवरी के सरपंच अनीता गबेल के द्वारा कूट रचना कर फर्जी तरीके से लाखों के राशि आहरण करने के संबंध में कलेक्टर व अनुविभागीय अधिकारी सक्ती को उपसरपंच एवं समस्त पंचों जल संग्रहण समिति के सदस्यों द्वारा लिखित आवेदन दिया गया। आपको बता दें कि जल संग्रहण समिति को गुमराह एवं अंधेरे में रखकर समिति का गठन किया गया था तदुपरांत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में अलग-अलग निर्माण कार्य हुए हैं जिसमें समिति के सदस्यों को स्वयं जानकारी नहीं कि उनको समिति का सदस्य बनाया गया है। ग्राम पंचायत के बैठक में जल संग्रहण समिति गठन के विषय में पंचायत प्रतिनिधियों के बीच कभी इस विषय को रखा ही नहीं गया है कि ग्राम सभा कर समिति गठन करना है। यही नहीं समिति प्रस्ताव रजिस्टर में सभी सदस्यों का स्वयं हस्ताक्षर कर लाखों रुपए के राशि आहरण भी की गई है। संबंधित सरपंच द्वारा जो जल संग्रहण





समिति के स्वयं अध्यक्ष है अपने सभी निजी रिश्तेदारों के नाम पर हाजिरी डाला गया है जो मजदूरी करने कभी मौके पर गए ही नहीं है इस तरह के शासन के राशि को दुरुपयोग कर बंदरबांट किया गया है। संबंधित निर्माण कार्य में जितने भी मजदूरों के द्वारा कार्य किया गया है शासन द्वारा निर्धारित राशि 357 रुपए को निजी रिश्तेदारों के बैंक खाता में हाजरी डाला गया है और फिर जो सही मौके पर गए हुए मजदूर हैं उनको निर्धारित राशि में कटौती कर नगद 200 रुपये के दर से नगद भुगतान किया गया है। जानकारी के लिए और बता दें कि राशि भुगतान हेतु बिना जीएसटी फर्जी बिल गबेल ट्रेडर्स का उपयोग किया गया है जिस बिल का प्रोपाइटर खुद स्वयं सरपंच पति है बिना जीएसटी बिल से राशि आहरण जिसमें सम्बंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों का सील साइन है साफ साफ सम्बंधित विभागीय संरक्षण एवं संलिप्तता को दर्शाता है यह भी आरोप है व सबसे बड़ी जांच का विषय है कि सरपंच अपने स्वयं के पुत्र हिमांशु गबेल का जो मार्च 2023 में 12 वीं बोर्ड के मुख्य परीक्षा का परिक्षार्थी था जब मार्च 2023 में पूरा मार्च महीने में परीक्षा आयोजित हुआ है तो वह मजदूरी करने कब गया और नहीं गया तो फिर मजदूर हाजरी कैसे डाला गया है इस तरह से अपनो को फायदा पंहुचाया गया।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ 2023 अंतिम तारीख 31 जुलाई

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जिले के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 जुलाई 2023 तक खरीफ फसल का बीमा करा सकते है। किसान निर्धारित तिथि के पूर्व अपने फसलों का बीमा अवश्य कराएं। इसके लिए अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, लोक सेवा केन्द्र, एआईडीई मोबाईल एप के माध्यम से फसलों का बीमा करा सकते हैं। संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदशन में जिले के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। वर्ष 2023-24 के खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल सोयाबीन, अरहर, रागी का बीमा करा सकते है। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो, सम्मिलित हो सकते हैं। जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो, योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी किसान योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो, वे बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2023-2025 तक जिले के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का चयन निविदा के आधार पर हुआ हैं। किसानों के द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दरए खरीफ वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों के द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो को बीमा कंपनी द्वारा स्वीकार किया जाएगा।

## कलेक्टर ने पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग की ली समीक्षा बैठक

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ भूमिहीन, दिव्यांग, पहाड़ी कोरवा एवं जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता दे- कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पशुपालन, मछली पालन, तथा कृषि विभाग, रेशम विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ भूमिहीन, दिव्यांग, पहाड़ी कोरवा एवं अति गरीब हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ योजनाओं का लाभ दिलाएं।

कलेक्टर डॉ. मित्तल ने कहा कि मल्टीएक्टीविटी के तहत पशु पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, बतख पालन जैसी गतिविधियां को बढ़ावा दें। जिले में मछली घर निर्माण करने तथा मत्स्य पालन के लिए प्रशिक्षण देने कहा और गौठान में शिविर लगाने तिथि निर्धारित करने निर्देश दिए। हितग्राहियों को चिन्हित कर



लाभान्वित करने कहा। उन्होंने कृषि विभाग से बीज भंडारण एवं वितरण की जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनाज, दलहन, तिलहन, केसीसी की प्रगति की जानकारी ली एवं बेहतर कार्य के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को मौसमी बीमारी एवं अन्य बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण नियमित कराने के निर्देश दिए। पशुधन विभाग अधिकारी डॉ. मरकाम ने पशुओं को टीकाकरण किए जाने की जानकारी दी। कलेक्टर ने रोका-छेका अंतर्गत टीकाकरण एवं आवारा पशुओं पर रेडियम बेल्ट आदि की कार्यवाही नियमित करने कहा।

उन्होंने मत्स्य पालन विभाग को लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। रेशम विभाग को रेशम कीट पालन, कोसा धागा करण और मंडल के अंतर्गत संचालित कार्य को अधिक से अधिक करने कहां। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित में एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# मनोरा जोन में पिटुल और गिल्ली डंडा खेल का हुआ आयोजन

*छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के लिए रहा भारी उत्साह * सभी वर्ग के बुजुर्ग, महिलाएं एवं युवा ले रहे भाग*

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के लिए जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में उत्साह, उमंग और ऊर्जा का माहौल रहा। जिसमें सभी वर्ग के बुजुर्ग, महिलाएं एवं युवाओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बारिश के बाद भी जिले के खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक शुरू किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी, फुगड़ी एवं रस्सीकूद में महिलाओं ने विशेष रूचि दिखाई। वहीं पुरूषों ने गिल्ली डंडा में अपनी कुशलता प्रदर्शित की। बच्चों ने खो-खो, भंवरा, बांटी खेलों में खुशी पूर्वक भाग लिया। नगरीय क्षेत्रों में भी छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में जनसामान्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजीव युवा मितान क्लब





**जोन स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 31 जुलाई 2023 तक होगा**

स्तर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल की प्रतियोगिता 17 से 22 जुलाई तक आयोजन किया गया। जिसमें बहुत बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं को जोन स्तर पर भाग लेने का मौका मिला है। इसी कड़ी में मनोरा मितान क्लब द्वारा मनोरा जोन में पिटठुल और गिल्ली डंडा खेल कराया गया। खेल का शुभारंभ सैला सरपंच द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में 16 प्रकार के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिला है। जिससे वे अपने गांव एवं क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में पारंपरिक खेल प्रतियोगिता में दलीय खेल अंतर्गत गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्सी-कस्सा, बाटी, कंचा एवं एकल खेल अंतर्गत बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सीकूद, कुश्ती सहित कुल 16 खेलों में प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक, 18 से 40 वर्ष तक एवं 40 से अधिक वर्ष आयु वर्ग में महिला एवं पुरूष वर्ग में प्रतिभागियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अब जोन स्तर की प्रतियोगिता 26 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक आयोजित की जाएगी।

जिसमें राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता के विजेताओं द्वारा भाग लिया जाएगा। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 1000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 750 रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 500 रूपए का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 1500 रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 1000 रूपए का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 3000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 2500 रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा तथा राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 5000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 4500 रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 4000 रूपए का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## बिना कॉलोनाइजर एक्ट का पालन किये चल रहा अवैध प्लाटिंग व कॉलोनी का खेल

# क्षेत्र में चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल, भू-माफियाओं के हौसले बुलंद

जोहार छत्तीसगढ़- पत्थलगांव।

**इन दिनों पत्थलगांव क्षेत्र में भू-माफियाओं के हौसले बुलंद है किसी भी वर्ग की जमीन चाहे सामान्य या आदिवासी जमीन हो सभी पर भू-माफियाओं की गिद्ध नजर टिकी हुई है।**





ये लोग एकड़ों में जमीन का चंद रुपये देकर सौदा कर लेते हैं और फि र बिना किसी नियम कानून के बिना कॉलोनाइजर एक्ट का पालन किये उस पर अवैध प्लाटिंग कर मोटी रकम लेकर उसे बेच दे रहे है। शासन व प्रशासन के लोगों के सामने यह खेल खुले रूप से चल रहा है लेकिन किसी का इस ओर ध्यान नहीं है। आपको बता दे कि किसी भी जमीन को टुकड़े करके विक्रय करने के लिए उस पर कॉलोनाइजर एक्ट के तहत ग्राम या नगर निवेश से अनुमति लेनी। होती है फिर उसका बटांकन होता है फिर उसका नक्शा दुरुस्त किया जाता है लेकिन सभी नियमो को ताक में रखकर पत्थलगांव क्षेत्र में भू-माफिया बड़े फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहे है। न तो कॉलोनाइजर एक्ट के तहत अनुमति ली जाती है और न ही नियमो से कार्य होता है और यहां के पटवारी व राजस्व निरीक्षक भी इन माफियाओं के साथ सांठ-गांठ कर मोटी रकम लेकर नक्शा काट देते है यदि पिछले 3 साल के रिकॉर्ड को खंगाला जाए तो साफ दर्शित होगा कि एक प्लॉट नंबर के 15 से 20 टुकड़े तक करके जमीनों की खरीद फ रोख्त का धंधा किस प्रकार चल रहा है।

### उप पंजीयक भी नहीं देते ध्यान

अवैध प्लाटिंग के खेल में सभी का मिला जुला सहयोग चल रहा है जब भू-माफिया पंजीयन निष्पादन हेतु जाते हैं तो उप पंजीयक को भी देखना चाहिए कि टुकड़े की गई जमीन में कॉलोनाइजर एक्ट के तहत अनुमति ली गई है अथवा नहीं लेकिन सभी नियमो को ताक में रखकर उनके द्वारा भी विक्रय पंजीयन निष्पादन कर दिया जाता है। सूत्र बताते हैं कि बिना नक्शे में पहुंच मार्ग के प्लाटिंग कर उस पर सड़क दर्शा कर गलत तरीके से बैंकों से लोन लेने का खेल भी जोरो से चल रहा है यदि बैंकों से लोन लिए गए जमीनों की जांच हो जाये तो कई बैंक सड़क पर आ जाएंगे।

**जब अवैध प्लाटिंग के संबंध में हमारे संवाददाता ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव आर.एस.लाल से बात की तो उन्होंने कहा कि इस प्रकार यदि प्लाटिंग हो रही है तो वह गलत है प्लाटिंग के किये कॉलोनाइजर एक्ट के तहत अनुमति लेना अनिवार्य है हम इसकी जांच कराएंगे और नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही होगी।**

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव

## एक नजर

### ओमकार के जन्मदिवस पर मिला भाजपा नेताओं का आशीर्वाद

वरिष्ठ नेताओं ने ओंकार के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।



भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख व भाजपा विधानसभा मिडिया सह प्रभारी ओमकार तिवारी का जन्मदिन जिला भाजपा कार्यालय में मनाया गया। युथ आइकॉन और प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी समेत जिले के वरिष्ट नेता गण रहे मौजूद, विनम्र और सरल युवा के रूप में उभरे ओमकार तिवारी का जन्मदिन ऐतिहासिक रूप से शहर में मनाया गया। सरलता और विनम्रता के धनी ओमकार को बधाई देने के लिए सोशल मीडिया के सभी साइड बधाई पोस्ट से भरा रहा। शहर के वरिष्ट पत्रकार, व्यवसाय, शिक्षक, विपक्षी दल के नेता सभी ने ओमकार को बधाई दिया। जिला भाजपा कार्यालय में केक काट कर ओमकार तिवारी का जन्मदिन मनाया गया जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गुरूपाल भल्ला, जिला भाजपा उपाध्यक्ष आलोक सिंह, पूर्व सभपति सुरेश गोयल, अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामनाथ बैगा, जिला प्रवक्ता मनीष शर्मा, जिला युवा मोर्चा के मंत्री जगेश सिंह, राजदीप सियाल उपस्थित रहे। ओपी ने ओमकार को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दिया और ओमकार के कुशल कार्यो की प्रशंसा भी की।

### जिले में 1 जून से अब 311.4 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 311.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 27 जुलाई तक औसत वर्षा 446.9 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.2 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 334.5 मिमी, मनोरा में 392.1 मिमी, कुनकुरी में 372.0 मिमी, दुलदुला में 339.9 मिमी, फरसाबहार में 163.4 मिमी, बगीचा में 375.0 मिमी, कांसाबेल में 159.7 मिमी, पत्थलगांव में 298.6 मिमी एवं सन्ना में 367.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कांसाबेल तहसील के ग्राम साकिन टांगरगांव, निवासी स्व. सोनसाय की सड़क दुर्घटना में 7 फरवरी 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता अर्जुनसाय हेतु सोलेशियम फण्ड योजना-हिट एण्ड रन में दिए गए प्रावधान अनुसार 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला बाल संरक्षण इकाई के टीम द्वारा 2 माह के बच्चे को अवैध दत्तक ग्रहण से रोका गया

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

2 माह के बच्चे को सुलाकर 35 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। मामले में गांव वालों ने आपस में ही मिलकर गांव के ही एक महिला को अवैधानिक रूप से गोद दिया गया था मामले की जानकारी समाचार पत्र के माध्यम से मिलते ही जिला बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने संज्ञान में लिया और अवैधानिक रूप से हो रहे दत्तक प्रक्रिया को रोका गया तथा जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन जशपुर के संयुक्त टीम गठन कर तपकरा के खड़िया टोली से बच्चे का रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालिका को सकुशल संस्था विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण में संरक्षित किया गया है। विदित हो की बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के गाईडलाईन अनुसार किया जाता है। स्वयं से बच्चा लेना-देना गैर कानूनी है। जिसमें दो वर्ष तक करावास की सजा का प्रावधान है।

## जिला अस्पताल में नि:शुल्क गुर्दा रोग जांच एवं परामर्श चिकित्सा कैम्प का आयोजन 28 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।




कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले के दूरस्थ वनांचल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के आम नागरिकों को चिकित्सा लाभ हेतु गुर्दा रोग विशेषज्ञ द्वारा गुर्दा से संबंधित बीमारी का ईलाज एवं परामर्श हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प 28 जुलाई 2023 को राजा देवशरण जिला अस्पताल जशपुर में समय सुबह 11 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

आंगनबाड़ी जाना है, बच्चों का वजन कराना है, कुपोषण को भगाना है

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा दीवार पर नारा लेखन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार कर किया जा रहा जागरूक

वजन त्यौहार 1 अगस्त से 13 अगस्त तक

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।





जिले के 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन के लिए 1 अगस्त से 13 अगस्त तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मशीन से बच्चों का वजन लेकर विभागीय वेबसाईट में एन्ट्री करेंगे। जिससे जिले में कुपोषण की दर में आई कमी का आंकलन किया जाएगा। बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए वजन त्यौहार के प्रचार-प्रसार को लेकर जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। जिसमे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा दीवार पर नारा लेखन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार किया जा रहा है ताकि जन जागरूकता फैले और माताएं अपने बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचे।

वजन त्यौहार में आंगनवाड़ी केन्द्र में आने वाली 18 वर्ष तक के सभी किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीमोग्लोबिन टेस्ट कराने साथ ही उनका बीएमआई भी ज्ञात किया जा रहा है। इससे किशोरियों में एनीमिया का स्तर पता कर उसके नियंत्रण में मदद मिलेगी। वजन त्यौहार में समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

## ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रति जन.जागरूकता हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित सभी राजस्व विभाग के एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन केंद्र किया गया स्थापित

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत ईवीएम जागरूकता के लिए दी जा रही जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

मतदाता जागरूकता शिविर में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रति जागरूकता के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित प्रदर्शन केंद्र में कलेक्ट्रेट आने जाने वाले पात्र मतदाता वोटिंग कर वास्तविकता की जानकारी हासिल कर रहे हैं। मतदाताओं को वास्तविक जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केंद्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्ट्रेट एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक




वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इस इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केंद्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है।

सभी मतदान केंद्रों में ईव्हीएम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। वोटर वेरीफ एबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 7 सेकंड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बॉक्स में कटकर गिरती है।

## विधायक गुलाब कमरो ने पौधा लगाकर एक पौधा श्रीराम के नाम कार्यक्रम का किया शुभारंभ

सीतामढ़ी हरचौका की पवित्र मिट्टी से होगा माता कौशल्या धाम परिसर में पौधारोपण

जोहार छत्तीसगढ़- एमसीबी।




सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायकगुलाब कमरो क्षेत्रभ्रमण के दौरान गुरूवार को सीतामढ़ी हरचौका पहुंचे। वे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप सीतामढ़ी हरचौका में 94.3 माय एफ एम रेडियो, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड एवं दैनिक भास्कर द्वारा राम वन गमन पर्यटन परिपथ हरचौका में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में एक पौधा लगाएं श्रीराम के नाम का के तहत पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

राम वन गमन पथ में हुए प्रभु श्रीराम के ठहराव वाले स्थानों से मिट्टी कलेक्शन के तहत विधायक गुलाब कमरो ने मिट्टी उठाने का शुभारंभ किया और वृक्षारोपण रथ को भी रवाना किया। इस पावन धरा की पवित्र मिट्टी को एकत्र कर माता कौशल्या धाम परिसर चन्द्रखुरी में पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम मूलचंद चोपड़ा, तहसीलदार विप्लव श्रीवास्तव, क्षेत्र के सम्मानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में अधिकारीए कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।



## द्वादश दिवस में ही ॐ नमः शिवाय का सवा करोड़ जाप हुआ संपन्न

# पांच करोड़ जाप संपन्न होते ही जाप स्थल को मिल जाएगी स्वमेव सिद्धि-विकास केडिया

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।



पवित्र श्रावण मास के सुअवसर में धर्म रक्षा समिति और हिंद सेवक समिति के सामूहिक तत्वाधान में राजामहल समलाई मंदिर प्रांगण में आयोजित अखंड ऊँ नम: शिवाय महामंत्र के जाप की गूंज से अब समूचा रायगढ़ शिवभक्ति की गंगा में डुबकियां लगाने लगा है जिससे पूरा अंचल पवित्र हो गया है।

कार्यक्रम संयोजक विकास केडिया एवं सह संयोजक सी वी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सवा महीने तक चलने वाले इस अखण्ड नम: शिवाय के जाप के द्वादश दिवस में ही सवा करोड़ लाख पंचाक्षारी महामंत्र जाप संपन्न हो चुका है जो कि एक अभूतपूर्व उपलब्धि है और उनकी जानकारी में ऐसा आयोजन छत्तीसगढ़ में पहले कभी नहीं हुआ है। आयोजन के द्वादश दिवस तक लगभग सात हजार आगंतुक शिवभक्त साधकों और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर से आए आठ पंडितों द्वारा किए गए जाप की संख्या की बदौलत जाप संख्या सवा करोड़ के पार पहुंच गई हैं। इस धार्मिक आयोजन की सबसे खास बात यह रही है कि ब्रह्म मुहूर्त होने के बाद से पंडाल में शिवभक्तों की नियमित उपस्थिति देखने को मिलती हैं जो देर रात्रि तक उसी श्रद्धा और भक्ति भाव से बराबर बनी रहती है। बीते दो दिनों से हजार के करीब शिवभक्त पंडाल में आ रहें और पंचाक्षरी महामंत्र ऊँ नम: शिवाय का जाप कर रहें हैं। मानों आप किसी पवित्र शिवधाम में हो। आयोजन समिति के कार्यक्रम संयोजक विकास केडिया ने एक नई जानकारी देते हुए कहा कि जितने अक्षर का पंचाक्षरी मंत्र हैं उतने करोड़ जाप यदि एक ही स्थान पर संपन्न हो जाए तो स्थान विशेष की सिद्धि हो जाती है और अब उन्हें विश्वास होने लगा है कि समापन दिवस 21 अगस्त तक निश्चित रूप से पांच करोड़ जाप संपन्न हो जायेंगे और यदि ऐसा हुआ तो धार्मिक मान्यता अनुरूप समलाई मंदिर प्रांगण का यह स्थान स्वमेव ही सिद्ध स्थल में तब्दील हो जाएगा।

जो कि रायगढ़ सहित समूचे छग के लिए एक बहुत महान धार्मिक और आध्यात्मिक उपलब्धि होगी। जो कि पूरे रायगढ़ के लिए गर्व का विषय होगा। बता दें कि आयोजन समिति के संरक्षकद्वय दिलीप मोड़क, विनोद अग्रवाल, संयोजक विकास केडिया, सहसंयोजक सी वी शर्मा, व्यवस्थापक पंकज कंकरवाल, प्रसार-प्रचार प्रमुख सुरेंद्र पांडेय,सुनील थवाईत, तुषार तिवारी, पी सी मिश्रा सहित संस्था से जुड़े सक्रिय स्वयं सेवक सौरभ अग्रवाल,शशिभूषण चौहान, प्रशांत सिंह, अंकित मिश्रा, खगेश देवांगन,अमन वैष्णव,सौरभ नामदेव, पप्पू यादव, विकास यादव,रवि यादव, कान्हा महंत,बीना चौथा,विजयलक्ष्मी चौहान,मेघा जाटवर, नेहा देवांगन,मिनाक्षी मेहर सहित कई अन्य स्वयंसेवक व स्वयंसेविका अपने अथक प्रयास और समर्पण से इस धार्मिक आयोजन को और अधिक भव्य और पुण्य दायक बनाने की दिशा में दिन रात तत्पर दिखाई दे रहे हैं।



## थ्रिलर फिल्म फायर ऑफ लव-रेड 25 अगस्त को रिलीज होगी




अवंति प्राजक्ता आर्ट्स की नवीनतम प्रस्तुति थ्रिलर फिल्म 'फायर ऑफ लव- रेड' के गानों को जी म्यूजिक कंपनी द्वारा जारी किया जा चुका है। इस थ्रिलर फिल्म के संगीत और गानो से 90 के दशक की बेहतरीन संगीतमय फिल्म की महक आ रही है। अब एक बार फिर उसी अंदाज में थ्रिलर फिल्म 'फायर ऑफ लव-रेड' का संगीत सजा है। किसी ने ठीक ही कहा है ओल्ड इज गोल्ड और इस बात में सच्चाई है कि इस फिल्म के सभी गीतों को और ट्रेलर को युट्युब पर बहुत उत्साह के साथ सिनेप्रेमियों ने देखा है और इस फिल्म के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राजीव चौधरी, जगन्नाथ वाघमारे और रेखा सुरेंद्र जगताप के द्वारा संयुक्तरूप से निर्मित इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता अवंतिका दत्तात्रय पाटील हैं।



# मेगा प्रिंस के साथ जुड़ीं मीनाक्षी चौधरी

तेलुगु फिल्म उद्योग में, यह एक प्रसिद्ध चलन है कि स्टार नायक शायद ही कभी अपनी फिल्मों में नायिकाओं को दोहराते हैं, जिससे अभिनेत्रियों का करियर छोटा हो जाता है। हालाँकि, हाल के दिनों में पूजा हेगड़े एक स्टार हीरोइन के रूप में चमकने में कामयाब रही थीं, लेकिन उनकी हालिया प्रतिबद्धताओं के कारण उनकी स्थिति भी बदल गई है। अब, सुर्खियों का केंद्र मीनाक्षी चौधरी पर है, जिन्होंने दो बड़े नामों - पवन कल्याण और महेश बाबू अभिनीत फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ हासिल की हैं।

मीनाक्षी चौधरी, महेश बाबू की आगामी फिल्म गुंटूर करम हीरोइन में दिखाई देने वाली हैं, जो सुपरस्टार के साथ अभिनय करने का उनका पहला अवसर है। यह उपलब्धि उनके करियर में एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में सामने आई है। इसके अलावा, उनसे वीटी 14 में मुख्य भूमिका के लिए संपर्क किया गया है, जो मेगा प्रिंस वरुण तेज की बहुप्रतीक्षित परियोजना है और करुणा कुमार द्वारा निर्देशित है, जो अपनी कंटेंट-संचालित पहली फिल्म पलासा 1978 के लिए प्रशंसित हैं। फिल्म 27 जुलाई को लॉन्च होने वाली है, और मीनाक्षी चौधरी का संभावित समावेश इस प्रतिष्ठित परियोजना के लिए एक बड़ा बढ़ावा होगा।

वीटी 14 एक महत्वाकांक्षी कहानी का दावा करता है, और करुणा कुमार ने एक प्रभावशाली कथा सुनिश्चित करने के लिए वरुण तेज की भूमिका को सावधानीपूर्वक डिजाइन किया है।

# येलो कलर की साड़ी पहनकर सोफिया ने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर

## तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी

सोफिया अंसारी आए दिन अपनी बोल्ड बिकिनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हालांकि एक बार फिर से सोफिया ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों फैंस के बीच शेयर कर एक बार फिर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर दिया है। इन तस्वीरों में उन्होंने साड़ी पहनकर अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट किया है। उनके इस अंदाज को देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

इंटरनेट मीडिया स्टार सोफिया अंसारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती है। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस् करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में सोफिया ने अपनी बेहद सेक्सी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में सोफिया ने येलो कलर की साड़ी पहनी हुई है। साथ ही बिन ब्लाउज पहने हुए अपने शरीर को साड़ी से ढका है। सोफिया अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने कातिलाना अंदाज में पोज देते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। उनका ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। हालांकि लोग उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट भी कर रहे हैं। सोफिया की इन तस्वीरों ने एक बार फिर से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। बताते चलें कि सोफिया अंसारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।



# विक्की कौशल ने करण जौहर से फिर मिलाए हाथ, किया नई फिल्म का ऐलान

अभिनेता विक्की कौशल कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुके हैं। पिछली बार उन्हें फिल्म जरा हटके जरा बचके में देखा गया और उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले उन्हें करण जौहर की फिल्म गोविंदा नाम मेरा में देखा गया था। अब उन्होंने करण के साथ अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। विक्की ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या लिखा।



विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर साझा कर लिखा, बहुत सारे प्यार और बहुत सारे मनोरंजन के साथ आ रहे हैं हम। आप सभी से 23 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में मिलते हैं। अमृतपाल बिंद्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलकर यह फिल्म बनाई है। आनंद तिवारी ने इसके निर्देशन की कमान संभाली है। फिल्म में विक्की के साथ अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आएंगी, जो पहली बार एक जुदा अवतार में दिखेंगी। इसमें एमी विर्क भी अहम भूमिका में हैं।

करण ने फिल्म की घोषणा करते हुए एक लंबा-चौड़ा नोट सोशल मीडिया पर साझा किया। इस पर तृप्ति ने लिखा, मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरा उत्साह चरम पर है। मुझ पर भरोसा करने के लिए शुक्रिया करण।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की एडवांस बुकिंग शुरू

रणवीर सिंह बहुत जल्द फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे। इसमें उनकी जोड़ी आलिया भट्ट के साथ बनी है।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के जरिए जाने-माने निर्माता और निर्देशक लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं।अब निर्माताओं ने फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है।इसके साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया पोस्टर भी सामने आ चुका है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, सभी ध्यान दें। शुद्ध मनोरंजन। करण जौहर की फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए एकदम तैयार है।इसमें धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।




# राजवीर देओल की दोनों का टीजर जारी, पालोमा ढिल्लों की भी दिखी झलक

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता सनी देओल के बेटे राजवीर देओल मौजूदा वक्त में अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। बीते दिन उन्होंने अपनी पहली फिल्म दोनों का ऐलान किया था।इसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री पूनम ढिल्लो की बेटी पालोमा ढिल्लों के साथ बनी है।अब निर्माताओं ने दोनों का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें पालोमा और राजवीर एक-दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं।



जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर दोनों का टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, दो अजनबियों के साथ प्यार की मासूमियत का स्वागत करते हुए, जिनकी मंजिल एक है। जल्द ही सिनेमाघरों में एक नई यात्रा शुरू होगी।फिल्म दोनों के जरिए बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश एस बड़जात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा होगी। गौरतलब है कि इन दोनों के माता-पिता भी पहले फिल्म में नायक-नायिका के तौर पर नजर आ चुके हैं। सनी देओल और पूनम ढिल्लों ने साल 1984 में आई लव स्टोरी फिल्म सोहनी महिवाल में लीड रोल प्ले किया था। अब दोनों के बच्चे एक साथ फिल्म करने जा रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया की डेब्यू फिल्म दोनों का पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया बीच पर बैठे और उनकी पीठ कैमरे की तरफ है। फिल्म दोनों के पोस्टर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये रोमांटिक फिल्म होगी।

## खेल



देवधर ट्रॉफी 2023

# साउथ जोन ने वेस्ट जोन को 12 रन से हराया, प्रभसिमरन सिंह ने नॉर्थ जोन के लिए खेली शतकीय पारी

पांडिचेरी। देवधर ट्रॉफी 2023 में बुधवार को खेले गए मैच में साउथ जोन ने वेस्ट जोन को 12 रन से हराया। टॉस जीतकर वेस्ट जोन ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ जोन ने कप्तान मयंक अग्रवाल के 98 रन की पारी की बदौलत 206 रन बनाए। 207 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन की पूरी टीम 36.2 ओवर में ही 193 रन पर ही ऑल आउट हो गई। वहीं एक अन्य मैच में नॉर्थ जोन ने प्रभसिमरन सिंह के शतक और कप्तान नीतीश राणा के ऑलराउंड प्रदर्शन से सेंट्रल जोन को 48 रन से हरा दिया।

साउथ जोन को शुरुआती झटका 11 रन पर ही लग गया। वेस्ट जोन के गेंदबाज अरजान नगवसवाला ने ओपनर रोहन कुन्नुमल को हार्विक देसाई के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। वहीं साउथ जोन का दूसरा झटका 29 रन के स्कोर पर लगा।

देवदत्त पडिक्कल भी 2 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। एक तरफ मयंक ने छोर संभाले रखा और दूसरी तरफ एक छोर से कुछ-कुछ अंतराल पर विकेट गिरता रहा। कप्तान मयंक अग्रवाल ने 115 गेंदों पर 98 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके भी जड़े। अग्रवाल के बाद साउथ जोन से दूसरे टॉप स्कोरर अरुण कार्तिक रहे। उन्होंने 22 गेंदों पर 23 रन बनाए।



### पार्थ भट्ट ने 3 विकेट लिए

वेस्ट जोन की ओर से गेंदबाज पार्थ भट्ट ने 10 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके अलावा शम्स मुलानी ने 10 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट और राजवर्धन हंगेरकर ने 7.4 ओवर में 47 रन देकर 2 विकेट लिए।

### वेस्ट जोन से सरफराज खान टॉप स्कोरर रहे

वहीं 207 रन के टागरेट का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर प्रियांक पंचाल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। पंचाल 4 रन के स्कोर पर रन आउट हो गए। उसके बाद टीम का दूसरा झटका 22 रन पर लगा। हार्विक देसाई गेंदबाज वासुकी कौशिक की गेंद पर बोल्ड हो गए।

### साउथ जोन से साईं किशोर ने 3 विकेट लिए

साउथ जोन की ओर से साई किशोर ने 9.2 ओवर में 44 रन देकर 3 विकेट लिए। जबकि वॉशिंगटन सुदर ने 7 ओवर में 34 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके अलावा विजय कुमार वैशाक, वासुकी कौशिक और विदवत ने 1-1 विकेट लिए।

## एक नजर

जापान ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट

### सिंधु को पहले राउंड में मिली हार, लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग की जोड़ी ने दूसरे राउंड में बनाई जगह

**जापान।** दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पहले राउंड में बाहर हो चुकी है। वहीं मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन और मेंस डबल्स में सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं।



#### सिंधु को चीन की झांग यी मान ने टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया

सिंधु को पहले राउंड चीन की झांग यी मान ने 21-12, 21-13 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला। झांग यी मान ने दोनों गेम आसानी से जीत लिए।

#### सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता पहला मुकाबला

बैडमिंटन वर्ल्ड रैंकिंग में मेंस डबल्स के दूसरे रैंक पर काबिज सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पुरुषों के डबल्स में इंडोनेशिया की जोड़ी लियो रोली कर्नांडो और डेनियल मार्टिन को 21-16, 11-21, 21-13 से हराकर पहला मुकाबला अपने नाम किया। यह गेम करीब 56 मिनट तक चली। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इससे पहले कनाडा ओपन अपने नाम किया।

# एशियाड में हिस्सा लेंगी भारत की फुटबॉल टीमें,खेल मंत्रालय से हरी झंडी मिली

## मेंस-विमेंस की अंडर-23 टीम में 3 सीनियर प्लेयर रख सकेंगे




भारतीय मेंस और विमेंस फुटबॉल टीम 23 सितंबर से चीन के हांगझू में होने वाले आगामी एशिया कप में हिस्सा लेंगी। भारतीय फुटबॉल टीम इस समय 18वें स्थान पर है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। एशियाड के फॉर्मेट के मुताबिक अंडर-23 टीम और 3 सीनियर प्लेयर्स हिस्सा लेंगे। आखिरी बार टीम ने 2014 के एशियाड में हिस्सा लिया था। भारतीय टीम को 2018 के एशियाड में खेलने की अनुमति नहीं मिली थी। खेल मंत्रालय का नियम कहता है कि टीम इवेंट में केवल एशिया टॉप -8 रैंक में शामिल टीमों को ही जाने की अनुमति मिलेगी।

### छेत्री होंगे कप्तान, स्टिमैक कोच

*अंडर-23 का साथ 3 सिनियर टीम प्लेयर के भी स्क्वाड का हिस्सा होंगे। इसमें भारत की ओर से कप्तान सुनील छेत्री, स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू टीम का हिस्सा होंगे। वहीं, सीनियर टीम के क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक कोच होंगे। क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में नेशनल टीम ने स्स्त्रस्त्र चैंपियनशिप जीतकर एक बार फिर फीफा रैंकिंग में टॉप-100 क्लब में प्रवेश किया है।*

# मोहम्मद सिराज को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से आराम

## टेस्ट टीम के साथ भारत लौटे, मुकेश कर सकते हैं डेब्यू

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। वो टेस्ट सीरीज का हिस्सा रहे आर अश्विन, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत और नवदीप सैनी के साथ ही भारत लौट गए हैं। सिराज को वनडे सीरीज के लिए चुना गया था लेकिन टीम मैनेजमेंट ने अचानक उन्हें आराम देने का फैसला लिया है। सिराज ने पोर्ट ऑफ स्पेन में ड्रॉ रहे दूसरे टेस्ट में 5 विकेट लिए थे और पहली बार टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। डॉमनिका टेस्ट में भी उन्होंने 2 विकेट लिए थे। आर अश्विन (15) के बाद वो भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।




### मुकेश को मिल सकता है डेब्यू का मौका

मोहम्मद सिराज की जगह टीम में किसे लिया जाएगा, इसपर फैसला नहीं हुआ है। आज यानी गुरुवार को होने वाले पहले वनडे के साथ भारत के पास जयदेव उनादकट, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर और मुकेश कुमार जैसे तेज गेंदबाज मौजूद है।

वहीं मुकेश कुमार को वनडे में डेब्यू का मौका मिल सकता है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू मैच में कुल 2 विकेट लिए थे। ऐसे में वनडे सीरीज में मुकेश को वनडे कैप मिल सकती है। वनडे वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया का शेड्यूल काफी व्यस्त है। भारत को अगस्त-सितंबर में एशिया कप खेलना है। इसके बाद वर्ल्ड कप से पहले घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज खेलना है। सिराज ने अपना आखिरी वनडे मैच मार्च 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

# मलेशियाई गेंदबाज स्याजरुल का वर्ल्ड रिकॉर्ड...

## टी-20 में 7 विकेट लिए:ऐसा करने वाले पहले प्लेयर बने, चीन 23 रन पर ऑल आउट

**कुआला।** मलेशिया के तेज गेंदबाज स्याजरुल इदरस ने इतिहास रचते हुए टी-20 इंटरनेशनल में 7 विकेट झटक लिए। वह ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बने। इदरस ने अपने 4 ओवर के स्पेल में 8 ही रन दिए। उनकी परफॉर्मेंस के दम पर मलेशिया ने चीन को 23 रन पर ही ऑल आउट कर दिया। फिर 24 रन का टारगेट टीम ने 4.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। मलेशिया के स्याजरुल ने टी-20 वर्ल्ड कप के एशिया-बी क्वालिफायर में 7 विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने कुआलालम्पुर में जारी क्वालिफायर स्टेज के पहले ही मैच में चीन के खिलाफ ये कारनामा किया। खास बात ये रही कि उन्होंने सभी बैटर्स को इन-स्विंगर गेंदों पर बोल्ड ही किया।



**जिले के सभी मतदान केंद्रों में 02 अगस्त से जोड़े जाएंगे नए मतदाताओं के नाम**

# 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम अनिवार्य रूप से मतदात सूची में जोड़ें: कलेक्टर

## कलेक्टर एक्का ने की सामरी विधानसभा के बूथ लेवल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियूस एक्का के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को देखते हुए तहसीलवार बूथ लेवल अधिकारियों तथा निर्वाचन दायित्व संभाल रहे अधिकारियों की समीक्षा बैठक की तिथि निर्धारित की गई है। जिसके अनुक्रम में आज कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने विधानसभा सामरी के तहसील कुसमी, सामरी, चांदो के 95 मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों की आवश्यक समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में उन्होंने आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक मतदान केंद्रों में 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा तथा छूटे हुए मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया




समाप्त हो चुकी है एजिसके तहत विधानसभा सामरी में एक नए मतदान केंद्र की स्थापना की गई है साथ ही कई मतदान केंद्रों के भवन जर्जर अथवा छोटे होने के कारण बदले गए हैं। इस हेतु मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। साथ ही नए मतदान केन्द्र भवनों की जानकारी का क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों तथा मतदाता सूची के प्रति गंभीरता दिखाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। किसी भी मतदान केंद्र में कोई पात्र व्यक्ति मतदाता के रूप में पंजीकृत होने से न छूटे इस उद्देश्य के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य करना है।

### दिव्यांग एवं 80 वर्ष आयु से अधिक उम्र के मतदाताओं का करें सत्यापन

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एक्का ने प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारियों को उनके मतदान क्षेत्र के दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ मतदाताओं का सत्यापन अत्यंत आवश्यक है। ताकि मतदान दिवस को दिव्यांग मतदाताओं तथा 80 वर्ष आयु से अधिक उम्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए सुविधा प्रदान किया जा सके। उन्होंने मतदाता सूची में पूर्व पंजीकृत मतदाताओं का भी सत्यापन करने के निर्देश दिए, ताकि यदि कोई दिव्यांग मतदाता सामान्य मतदाता के रूप में पंजीकृत हो तो फॉर्म 8 भरकर दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हांकन किया जा सके। इसी प्रकार किसी मतदाता की उम्र यदि गलत है तो सुधार कर दस्तावेज के आधार पर सही उम्र अंकित किया जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने तहसील कुसमी क्षेत्र के पीवीटीजी मतदाताओं का पुन: सत्यापन के निर्देश दिए, ताकि जिले का कोई भी पीवीटीजी पहाड़ी कोरवा मतदाता के रूप में पंजीकृत होने से न छूटे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एक्का ने समीक्षा बैठक में उपस्थित शासकीय महाविद्यालय कुसमी के प्राचार्य तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं व मतदात सूची में नाम जोड़वाने से छूटे हुए छात्र-छात्राओं का नाम अनिवार्य पंजीकरण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ तथा विकासखण्ड अधिकारियों को मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बूथ लेवल अधिकारी एवं सुपरवाइजर को पोस्ट ऑफि स जाकर मतदाताओं को वितरण हेतु रखे गए ईपिक कार्ड की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारियों को कहा कि आगामी निर्वाचन अब नजदीक पहुंच रहा है इसलिए आप सभी निर्वाचन के दायित्वों को सक्रियता के साथ निभाएं उन्होंने अविहित अधिकारी के नियुक्ति एवं प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समय-समय पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्वीप गतिविधियों के आयोजन को कहा। समीक्षा बैठक में अनुविभागीय अधिकारी कुसमी चेतन साहूए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**एक नजर**

## मोहर्रम ताजिया पर्व के मद्देनजर शांति सभा का कियाआयोजन

मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ हिन्दू समुदाय के लोग हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।





कुसमी थाना परिषद कक्ष में आगामी मोहर्रम पर्व के मद्देनजर शांति सभा का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ-साथ हिंदू समुदाय के लोग भी शामिल हुए। 29 जुलाई को मोहर्रम ताजिया पर्व मनाया जाना है जिसमें किसी प्रकार की कोई हिंसा न हो तथा आदतन बदमाशों की जानकारी भी ली गई है। जिससे उनपर पुलिस की निगरानी बनी रहे। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि मोहर्रम पर 28 तथा 29 जुलाई को 2 दिन मनाया जाना प्रस्तावित है। जिस में भव्य रूप से 29 जुलाई को ताजिया निकाला जाएगा। जिसमे झंडा जुलूस को अच्छे तरीके निकलने के साथ-साथ नगर की बिजली की तार को ध्यान में रखते हुए, उसे बाधित न करे एवम मुहर्रम खेल प्रदर्शन की जाएगी उसे सौहार्दपूर्ण खेल करने को कहा गया है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल होंगे। इस दौरान नव पदस्थ तहसीलदार शशिकांत दुबे, कुसमी थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा, ने कहा कि त्यौहार को शांति तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण माहौल में मनाया जाए। और जहां भी पुलिस प्रशासन की मदद चाहिए बेहिचक पुलिस तथा प्रशासन उनकी मदद करेगा। बैठक के दौरान नव पदस्थ तहसीलदार शशिकांत दुबे, थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा, मुस्लिम समुदाय के सदर मो.आजाद आलम, सदर मो.यूसुफ अंसरी, करकली सदर इम्तियाज अंसरी, पार्षद वाहिद अली, फरीद खान, उमेश्वर ओझा, संजय गुप्ता, हिन्दू युवा जिला अध्यक्ष निखिल गुप्ताए इम्तियाजए सुनीलए व कुसमी के समस्त पत्रकार जगत के मीडिया बंधु के साथ-साथ दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग भी उपस्थित रहे।

## अस्पताल से शव को सम्मान घर तक पहुंचाने हेतु जिले में 4 मुक्तांजली वाहन उपलब्ध

1099 पर डायल कर नि:शुल्क शव वाहन किया प्राप्त जा सकता

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशन में जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी अस्पतालों से पार्थिव शरीर को परिजन के घर तक पहुंचाने के लिए नि:शुल्क मुक्तांजली वाहन की सेवा दी जा रही है। जिसका टोल फ्री नं.1099 है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन ने अस्पताल में मृत्यु या पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को ससम्मान मुक्तिधाम अथवा घर तक छोड़ने के लिए 4 मुक्तांजलि वाहन की व्यवस्था की है। जिसके अंतर्गत 3 मुक्तांजली शव वाहन मेडिकल कॉलेज कोरबा तथा 1 वाहन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि टोल फ्री नंबर 1099 डायल करने पर यह सेवा नि:शुल्क मिलती है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए निजी वाहन से शव ले जाने की समस्या से राहत दिलाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन ने इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की है। उन्होने बताया कि सिर्फ शासकीय अस्पताल से घर तक शव को छोड़ने की सुविधा है। परिजन को मुक्तांजली वाहन बुक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1099 मोबाईल पर डायल करना पड़ता है। इस पर संबंधित केस की पूरी जानकारी लेकर किसी भी स्वास्थ्य केन्द्र से घर तक शव ले जाने के मुक्तांजली वाहन उपलब्ध कराई जाती है। कलेक्टर संजीव झा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने जिले के सभी जनप्रतिनिधयों एवं अधिकारी-कर्मचारियों से मुक्तांजली शव वाहन की सेवा का लाभ जिले वासियों को दिलाने हेतु टोल फ्री नंबर 1099 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं आमजनों को इस संबंध में जागरूक करने हेतु अपील की है।

---

## जिला टीकाकरण टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

* कलेक्टर ने सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 के सफल क्रियान्वयन के दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टीकाकरण टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन कलेक्टर कक्ष में आहूत किया गया था।बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निर्देश दिये, मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में टीकाकरण से छूटे हुए लाभार्थीयों का टीकाकरण पूर्ण किया जाना है। कलेक्टर द्वारा आम जन से अपील की गई है कि उक्त अभियान में बढ़-चढ़ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सघन इन्द्रधनुष मिशन 5.0 को क्रमश: तीन चरणों में आयोजित कर पूरा किया जाना है। प्रथम चरण 07 से 12 अगस्त 2023, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर 2023 तथा तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण किया जायेगा। इसमें जिले के 5 वर्ष तक के छुटे हुए बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना है है। जिसकी समस्त एंट्रियां यू विन पोर्टल में किया जाना है। यू विन पोर्टल एक डिजिटल प्लेटफार्म है, जिसमें सभी हितग्राहियों की एन्ट्री किया जायेगा। इस संबंध में जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ट्रेनिंग पूरी की जा चुकी है। बैठक में एसडीएम रवि सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सीबी सिसोदिया, नगर पालिका अधिकारी एमएल गड़बरिया, डॉ. राजेश पैंकरा, डीपीएम गनपत नायक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय मरकाम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में मेरा माटी मेरा देश के तहत 26 जुलाई 2023 को प्राचार्य महोदय की निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय भवन प्रांगण में पौधारोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के सजावटी एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी विरेन्द्र कुमार के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ सर्वप्रथम आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी,मेरा देश के तहत कारगिल विजय दिवस के अवसर पर माटी का नमन, वीरों का चंदन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई इसके पश्चात महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. किंकर पांडे के द्वारा देश की सुरक्षा के लिए प्रेरित करते हुए विभिन्न माध्यमों से बच्चों को परिचित कराया गया उनके द्वारा बताया गया कि देश की रक्षा सीमा के अतिरिक्त कई ऐसे माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने देश की सुरक्षा कर सकते हैं जैसे वृक्षारोपण,शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को प्रेरित करना ए इत्यादि प्राचार्य महोदय द्वारा कारगिल क्षेत्र एवं कारगिल युद्ध के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई यह किस प्रकार हमारी सेना के जवान विषम परिस्थितियों में भी अपने देश की सुरक्षा के लिए खड़े रहते हैं। अंत में सुश्री प्रेमा कुजूर कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई के द्वारा बालिका शिक्षा एवं सेना में महिलाओं की भूमिका एवं कैरियर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, स्वयं सेवक एवं छात्र-छात्राएं अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीकाकरण कराएं तथा अपने बच्चों का होने वाली बीमारियों से बचाएं

12 अगस्त से जिले में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 होगा प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**इन्द्रधनुष अभियान 5.0 तीन चरणों में होगा आयोजित**

कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वा अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के नेतृत्व में जिले में मिशन इन्द्रधनुष अभियान 50 आयोजित किया जाएगा। भारत शासन के निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण का बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 चलाया जा रहा है। अभियान में जिले के टीकाकरण कवरेज वाले शहरी क्षेत्रों एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों पर अपेक्षाकृत ध्यान देने हेतु तथा टीकाकरण से वंचित एवं छूटे हुए 0 से 5 वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किया जाएगा। मिशन इन्द्र धनुष अभियान जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा शहरी तथा समस्त टीककरण केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 2023 तीन चरणों में आयोजित होगा। जिसके अंतर्गत प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त 2023, द्वितीय चरण 11 से 16 सितंबर 2023 तथा तृतीय चरण 9 से 11 अक्टूबर 2023 तक होगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़िकरण एवं मीजल्स और रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुए बच्चों को टीकाकृत किए जाने हेतु 0 से 5 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओंए लेफ्ट आउट ड्राप आउट बच्चों को चिन्हित कर टीकाकृत किया जाएगा। इस हेतु शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

---

## स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कमला नेहरू महाविद्यालय में निकाली गई जागरूकता रैली

कर्रानवापारा में स्कूली छात्रों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के लिए किया प्रोत्साहित







जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं जिला नोडल स्वीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में मनोज खांडे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत आज कमला नेहरू महाविद्यालय एवं विकासखण्ड पाली के शासकीय हाईस्कूल कर्रा नवापारा विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कमला नेहरू महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली में समस्त सहायक प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर के अपनी भागीदारी प्रदर्शित की। साथ ही महाविद्यालय में ईएलसी साक्षरता क्लब के सदस्यों की बैठक की गई जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विचार विमर्श किया गया। इसी प्रकार पाली के शासकीय हाईस्कूल कर्रा नवापारा विद्यालय में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत गांव में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर सभी को निष्पक्ष मतदान हेतु प्रोत्साहित किया।







## गुणवत्ता के सभी मानकों पर खरा उतरा हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सराईगहना

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मरीजों को दी जाने वाली 12 विभिन्न सुविधाओं जैसे गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के समय देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, बाल एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य देखभाल, परिवार कल्याण,गैर संचारी रोगो की जांच, बुजुर्ग और प्रशामन स्वास्थ्य देखभाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित संचारी रोगों का प्रबंधन, आउट पेशंट देखभाल, बुनियादी मौखिक स्वास्थ्य देखभाल, आंख, नाक, कान एवं गला से संबंधित समस्याओं की देखभाल, आपातकालीन चिकित्सीय, मानसिक स्वास्थ्य सेवायें के साथ हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सराईगहना, विकासखण्ड बैकुण्ठपुर की व्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रमाण पत्र मिला। समस्त सुविधाओं को मिलाकर संस्था को कुल 78 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम डॉ. प्रशांत कापसे एवं सुश्री सोनम के द्वारा 10 जून 2023 को हेल्थ एवं




वेलनेस सेंटर सराईगहना में मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीड बैक लिया था। टीम के द्वारा विभिन्न मानको पर खरा उतरने पर ही राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाता है। इस उपलब्धि के लिये हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सरईगहना में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ.आरएस सेंगर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ.प्रिंस जायसवाल, के मागदर्शन में हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की टीम सुश्री मोदेस्ता एक्का, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,श्वेता शर्मा, सेक्टर प्रभारी मनीष गौतम, आरएच ओ.पु. प्रमिला साहू, एएनएम आषीष शर्मा, फार्मासिस्ट के साथ खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखण्ड अधिकारी/कर्मचारियों ने कार्य किया। जिसके कारण आज हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सराईगहना को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

### जिला प्रशासन की टीम ने दी बधाई

इस उपलब्धि के लिये कलेक्टर, विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने संस्था, विकासखण्ड एवं जिले की पूरी टीम के कार्यो की सराहना की एवं शुभकामनायें प्रेषित किया। कोरिया जिले के लिये यह बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर को जिले में पहली बार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।



# सड़क पर पशु, मवेशियों को व्यवस्थित करने, आजादी का अमृत महोत्सव का समापन कार्यक्रम

## सड़क निर्माण एवं मरम्मत, पीएम किसान सम्मान निधि आदि के निर्देश दिया

जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों की बैठक ली। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि सड़क में गायों को हटाने और उनकी समुचित खाने-पीने, रहने की व्यवस्था करना हमारी नैतिक दायित्व है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पर पालन किया जा रहा है इसलिए कृपया मन लगाकर ये कार्य करें। उन्होंने कहा कि गायों के गले में रेडियम टैगिंग करें ताकि रात के अंधेरे में वाहन चालकों को रेडियम दूर से दिखाई देए जिससे वाहन दुर्घटना नहीं हो। सड़कों मे जो मवेशी हैं उनके मॉनिटरिंग के लिए नोडल बनाकर एक पॉलिसी बनाये और जहां-जहां मवेशी घूम रहे हैं उन्हें हटाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिले के समस्त नगरों में घूम रहे मवेशी कों उनके उचित स्थान जैसे कांजी हाउस में लेकर जायें। इसके लिए पुलिस प्रशासन की सहायता भीं ले सकते हैं अगर गाय मालिक नहीं मन रहे तो उनके ऊपर कार्यवाही करें। घर घर जाकर सर्वे करें कि कोई अपने मवेशी को खुला तो नहीं छोड़ रहे और इस कार्य कों जल्द से जल्द इसे कार्य कों करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों की मदद से जानकारी एकत्रित करें जहां-जहां गोठान में गायों के रहने के लिए उचित व्यवस्था नहीं हैं उसे तुरंत ही गायों के रहने लायक बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर पी.एस.एल्मा सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी अपर कलेक्टर सहित ज़िला अधिकारी कलेक्ट्रेट वीडियो कॉन्फ्रेसिंग रूम बेमेतरा में उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने कहा कि देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव का समापन समारोह 9 अगस्त से 15 अगस्त 2023 के मध्य किया जाना है। जिन स्थानों में अमृत सरोवर के तहत कार्य हुए हैं उन स्थानों में तालाब या स्कूल के पास यह समारोह किया जाना है, जहां पट्टी में स्थानीय शहीद का नाम अंकित कराया जाना है। इस स्थान पर सेल्फी लेकर भारत सरकार के वेबसाइट में अपलोड करना है। कार्यक्रम के अंत में वीरों का वंदन, फ्लैग मार्च और राष्ट्रगान होगा। पूरे देश से 7500 कलश दिल्ली पहुंचाई जाएगी। इन वीरों का एक स्मारक बनाया जाएगा। शहीदों के घरों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए राशन दुकानों में इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा। मुख्य सचिव ने सड़कों के निर्माण के संबंध में कलेक्टरों को कहा कि 15 सितंबर 2023 तक सड़क निर्माण से जुड़े सभी प्रक्रिया टेंडर पूर्ण करें। ताकि 15 सितंबर के बाद सड़क निर्माण कार्य किया जाये। मुख्य सचिव जैन ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ के लिए किसान लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग के लिए पोर्टल, सीएससी से या ऐसे किसान, जिनका मोबाइल और आधार नंबर जुड़ा है वे स्वयं एप्प के माध्यम से ई-केवायसी कराये। उन्होंने कलेक्टरों को कहा कि सभी कलेक्टर्स कृषि, सहकारी संस्था और सीएससी की संयुक्त कार्यवाही कराकर जिले के पात्र किसानों को शत-प्रतिशत इसका लाभ पहुंचाएं। मुख्य सचिव ने जिन जिलों में खाद्य वसूली करना है, वे शीघ्र वसूली कराएं। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने कहा कि खाद्य वसूली की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री बघेल स्वयं कर रहे हैं। एक माह में खाद्य वसूली का कार्य पूरा करें। कलेक्टर पी.एस. एल्मा जिले में व्यस्त सड़कों पर पालतू पशुओं, और आवारा मवेशियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे मालिकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए जो अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते है। बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के दिए निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिले की सड़कों, पुलियों सहित अन्य आवागमन के मुख्य मार्गों पर पालतू पशु, मवेशी इत्यादि बैठे रहते हैं, जिससे वाहनों के आवागमन में असुविधा होती है। इसकी रोकथाम और नियंत्रण के कारगर उपाय करने कहा। इसी प्रकार जिन ग्रामों से सड़क गुजर रही है, वहां स्थित गौठानों के नाम, वहां ड्यूटी में तैनात कर्मचारी का नाम, अस्थाई कांजीहाउस बनाने के लिए कहा। इसी प्रकार पशुधन विभाग को गाय के गले में टैगिंग कार्य पूरा करने कहा।

## एक नजर

### मोहर्रम पर बंद रहेगी सभी मदिरा दुकानें

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।

जिले में 29 जुलाई 2023 मोहर्रम के अवसर पर शासन ने शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने जिले की सम्पूर्ण देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें एवं एफ.एल. 3, एफ.एल. 3 मद्य भण्डारगृह तथा भांग घोटा की फुटकर दुकान को 29 जुलाई 2023 को मोहर्रम के अवसर पर पूर्णतः बन्द रखने का आदेश जारी किए हैं। उन्होंने उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने एवं अवैध शराब परिवहन विक्रय एवं संग्रहण के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### नवीन मतदाताओं को मिला मतदान करने का ट्रायल अवसर

जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 18 वर्ष पूरे करने वाले और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में ईव्हीएम और वीवीपैट के संबंध में जानने की उत्सुकता देखी गई। तहसील कार्यालय सारंगढ़ में कुसुम आदित्य ने ईव्हीएम और वीवीपैट की जानकारी ली और वोट किए हुए चिन्ह का प्रिन्ट से मिलान कर परीक्षण की। इसी क्रम में अन्य 18 वर्षीय युवक-युवतियों ने अभियान के तहत मतदान किया।

### नवोदय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मौके पर समस्त प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित थे

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



नवोदय विद्यालय बेमेतरा के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विस्तार एवं उपलब्धियों पर शासकीय बालक स्कूल बेमेतरा में जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एवं बेमेतरा के चारो ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी, सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। इस मौके पर समस्त प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्या लक्ष्मी सिंह ने स्टॉफ एवं छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी, 5334 पर आधारित है। पांच वर्ष तक बच्चों को फाउंडेशन स्टेज में रखा जाएगा। जिसमें शिक्षा की व्यवस्था आंगनबाड़ी द्वारा संचालित हो रही है। प्रीपेटरी स्टेज 3 वर्ष तक, मिडिल स्टेज 3 वर्ष तक जिसमें वोकेशनल कोर्स की व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए की जाएगी। सेकंडरी स्टेज 4 साल का होगा। इस नीति के अंतर्गत हर विद्यार्थियों की विशिष्ठ क्षमताओं की पहचान कर उसके समग्र विकास पर बल दिया जा रहा है शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र को लागू करने पर पुनः प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। क्योंकि देश के कुछ राज्य अभी तक इसका अमल नहीं कर रहे हैं। साथ ही त्रिभाषा नीति की जो भावना थी कि उत्तर के राज्य अर्थात हिन्दी भाषी राज्य के छात्र दक्षिण या अन्य राज्यों की एक भाषा सीखेंगे और अहिन्दी भाषी राज्यों के छात्र हिन्दी सीखेंगे ऐसा व्यावहारिक रूप से किया नहीं गया। इस हेतु इस नीति में भारतीय भाषाओं के शिक्षण को बढ़ावा देने हेतु राज्य परस्पर अनुबंध कर भाषा शिक्षकों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। इस प्रकार का सुझाव भी दिया गया है। त्रिभाषा सूत्र के क्रियान्वयन को लेकर और एक प्रावधान है कि छात्रों को तीन में से दो भारतीय भाषाएं चुनना अनिवार्य होगा। एनईपी कैसे सीखे पर जोर देकर शिक्षा को समावेशी बनाने की दिशा में बढ़ रही है।

## एकल शिक्षकीय स्कूलों में अध्यापन व्यवस्था के लिए जून में ही 360 शिक्षकों के जारी किए जा चुके आदेश

**स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए लगातार किए जा रहे कार्य**

जोहार छत्तीसगढ़– रायगढ़।

एकल शिक्षक के भरोसे स्कूल संचालन के संबंध में खबर समाचार पत्र में प्रकाशित हुई है। जिसके संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बी. बाखला ने बताया कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में इस सत्र के प्रारंभ से ही सभी स्कूलों में विद्यार्थियों की बेहतर पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था की गई है। विकासखण्डों से एकल शिक्षकीय, शिक्षक विहीन विद्यालयों की जानकारी लेकर सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से विधिवत प्रस्ताव प्राप्त तैयार कर निकटस्थ क्षेत्रों से ही शिक्षकों की व्यवस्था प्रस्तावित कर आदेश जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि जून माह में ही करीब 360 शिक्षकों को अध्यापन व्यवस्था के तहत एकल तथा शिक्षक विहीन स्कूलों में कार्य करने के लिए आदेशित किया जा चुका है। जिसके परिपालन में जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही आदेशित शिक्षकों के द्वारा अध्यापन व्यवस्था वाले स्थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज की गई तथा उनके द्वारा अध्ययन-अध्यापन का कार्य सुचारू रूप से कराया जा रहा हैं। पदोन्नति, सेवानिवृत्ति, मृत्यु से रिक्त हुए विद्यालयों में भी तत्काल निकटस्थ क्षेत्रों से शिक्षकों की व्यवस्था की जाकर अध्यापन कराया जा रहा है। विद्यालयों का सतत् निरीक्षण कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा में कसावट एवं गुणवत्ता सुधार हेतु बगैर सूचना के अनुपस्थित एवं विलम्ब से पहुंचने वाले 15 से अधिक शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है एवं अन्य नियमानुसार कार्यवाही सतत् रूप से जिले एवं ब्लॉक स्तर पर की जा रही है। वर्तमान में इकाई/मासिक मूल्यांकन परीक्षाएं ली जा रही है तथा हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में उत्कर्ष योजना के तहत मॉनिटर डायरी, शिक्षक डायरी, प्राचार्य डायरी, अन्य डायरी मापदण्डों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है।

## कलेक्टर एसपी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में ली बैठक

* निर्वाचन का मैदानी कार्य अब शुरू– कलेक्टर चंदन कुमार

जोहार छत्तीसगढ़– बलौदाबाजार।



**अति सवेंदनशील बूथों की पहचान जरूरी,असमाजिक तत्वों एवं बदमाशों की पूर्व लिस्टिंग अनिवार्य- एसपी दीपक झा**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर चंदन कुमार ने विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान जिले में निर्वाचन संबंधी कार्यों के सुचारू संचालन एवं सफलतापूर्वक संपादन हेतु कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 से सम्बंधित सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान लगभग 10 हजार निर्वाचन कर्मी की आवश्यकता होगी अतः पीपीईएस सॉफ्टवेयर में जिन विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की एन्ट्री शेष है। वे शीघ्र एन्ट्री पूरा करें। निर्वाचन में सेक्टर आफिसर का काम बहुत महत्वपूर्ण व संवेदनशील होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अपने सेक्टर में पहुंचकर मतदान केंद्रों का वल्नेरेबिल्टी मैपिंग के निर्देश दिए है। इसके साथ मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करनें कहा गया हैं। जिसमें मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली, नेटवर्क, दिव्यांगों के लिए रैम्प सहित अन्य कार्य शामिल है। इन सभी कार्यों के लिए जिले के अधिकारियों. कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त मौके पर एसपी दीपक झा ने सभी पुलिस अधिकारियों को पूर्व घटनाओं के आधार पर अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान एवं ऐसे क्षेत्रों में गुड़ा,बदमाश एवं असमाजिक व्यक्तियों की पूर्व पहचान कर लिस्टिंग करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव,उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव,डीएसपी अभिषेक सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर, तिवारी एवं प्रोगामर ओंकार के द्वारा दी गयी। गौरतलब है कि आने वाले दिनों में कसडोल,भाटापारा एवं बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र से संबंधित सोनाखान तहसील के सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न होगा।

## भोगल ने रेंगालबहरी के शाला परिसर में बच्चों के साथ किया पौधारोपण

जोहार छत्तीसगढ़– घरघोड़ा।

निकटस्थ ग्राम पंचायत रेंगालबहरी के प्राथमिक पाठशाला परिसर में अपने सहपाठियों व स्कूली बच्चों की उपस्थिति में अपने गुरु तेगबहादुर सिंह के याद में फलदार आम के वृक्ष का किया पौधारोपण व जिसे संरक्षित करने की जिम्मेदारी रेंगालबहरी के शरद चौहान को सौंपी गई। प्रादेशिक सामाजिक कार्यकर्ता व गुरु तेगबहादुर शिक्षण समिति बिलासपुर के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, सुभाष जेना और पंजाब से पहुंचे सुखविंदर सिंह लक्की,ढोरम के सिरोत्तम चौहान तथा बरौद कालरी एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ मजदूर नेता गनपत चौहान उक्त अवसर पर उपस्थित थे। सड़क मार्ग से बिलासपुर से घरघोड़ा पहुंचे अजीत सिंह भोगल व साथियों ने गत बुधवार को घरघोड़ा तहसील में स्थापित छत्तीसगढ़ शासन उद्यान विभाग,संजय निकुंज परिसर भी गये जहां क्षेत्र के सहपाठियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भोगल का बूके भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया।



### कोयला खदान उपक्षेत्र भी गए

एसईसीएल बरौद,बिजारी खुली खदान परियोजना का भी निरीक्षण किया और खदान में प्रभावित हुए कृषकों और भूमिहीन मजदूरों से मुलाकात कर उनके ज्वलंत मुद्दों से रूबरू हुए नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास से प्रभावितों की समस्याओं से एसईसीएल मुख्यालय में पदस्थ अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से मिलकर तमाम समस्याओं की जानकारी देकर उचित समाधान करवाने की बातें कही, ज्ञातव्य हो कि बिजारी खदान खुलने के पूर्व भी उन्होंने ग्रामवासियों व कृषक पुत्रों के द्वारा महीने भर से ज्यादा चली आंदोलन के दौरान मौके पर जाकर उनकी मांगों से अवगत होकर एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय के तत्कालीन सीएमडी से मुलाकात कर आंदोलनकारियों का पक्ष लेकर अपनी बातें रखीं थीं जिसके बेहतर परिणाम भी देखने को मिले थे।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक सीजन-2 के द्वितीय चरण का हुआ आगाज

लाल मैदान में खेलों की शुरूआत कराई महापौर ने

**कोरबा** । छत्तीसगढ़िया ओलंपिक सीजन-2 के द्वितीय चरण का हुआ आगाज। 26 जुलाई से 31 जुलाई तक जोन स्तरीय खेल कराया जाएगा। इस कड़ी में महापौर राजकिशोर प्रसाद दर्री जमनीपाली के लाल मैदान में चल रहे ओलंपिक खेलों का शुभारंभ कराते हुए कहा कि सीजन-2 के प्रथम चरण के अनुसार 17 जुलाई से 22 जुलाई तक राजीव मितान क्लब स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराया जा चुका है। उन्होने कहा कि क्लब स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के पश्चात सीजन-2 के द्वितीय चरण 26 जुलाई से 31 जुलाई तक जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना हैं, अतः निगम क्षेत्र के सभी 17 जोन में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित कराएं। उन्होने अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अतिमहत्वपूर्ण योजना है, इसका उद्देश्य राज्य के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करना, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करना।

## 34,50,000 कीमत की गुम,चोरी हुई संपत्ति मालिको को सुपुर्द किया गया

### गुम मोबाइल कीमती करीबन 10 लाख रुपये को वितरण किया गया

जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।





जिले के थाना/चौकी में पंजीबद्ध अपराधो में जप्त वाहन, मोबाईल एवं अन्य वस्तु को अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत उनके स्वामियों को सुपुर्द करने, बेमेतरा जिले के पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, मेमे तरा बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के द्वारा अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना/चौकी में पंजीबद्ध विभिन्न अपराधों में जप्त वाहन, मोबाईल एवं अन्य वस्तुओं को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। जिसमें थाना बेमेतरा से 02 मोटर सायकल, एक कार, चौकी खण्डसरा से 03 मोटर सायकल, थाना बेरला से 6 मोटर सायकल, एक ट्रैक्टर, पुलिस चौकी कंडरका से 01 मोटर सायकल, थाना परपोडी से 04 मोटर सायकल, 04 मोबाईल, थाना साजा 02 मोटर सायकल, थाना नांदघाट 03 मोटर सायकल, 01 स्कार्पियों वाहन, थाना खम्हरिया से 01 मोटर सायकल,01 मोबाईल, थाना दाढ़ी से 03 मोटर सायकल, थाना नवागढ़ से 03 मोटर सायकल, पुलिस चौकी मारो से 02 मोबाईल, कुल 02 चारपहिया वाहन, 01 टैक्टर, 01 पिकअप, 30 मोटर सायकल एवं 07 मोबाईल कुल जुमला कीमती करीबन 24,5,000 रूपये को अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के थाना/चौकी एवं अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत गुम मोबाईल लिंक फार्म के माध्यम से मोबाईल गुमने का लगातार रिपोर्टध्शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में साइबर सेल बेमेतरा टीम स्टाफ द्वारा हर संभव प्रयास कर कुल 59 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल की जानकारी प्राप्त कर रिकवर किया गया है। जिसकी कीमत करीबन 10 लाख रुपये आंकी गई है। आज मोबाइल स्वामियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के द्वारा कुल 59 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल ;कीमती करीबन 10 लाख रुपयेद्ध को वितरण किया गया। इस अवसर पर सायबर सेल नोडल अधिकारी व एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, प्रशिक्षु डीएसपी बृज किशोर यादव, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। वाहन एवं मोबाईल स्वामियों ने बताया कि उक्त अपराधों में जप्त एवं गुम होने के बाद अपने वाहन एवं मोबाइल को पाने की उम्मीद छोड़ दिये थे। ऐसे में अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत वाहन एवं मोबाईल को पाकर वे काफी खुश है। उनके चेहरे पर खुशी साफ तौर पर देखी जा सकती थी। वाहन एवं मोबाईल स्वामियों द्वारा उक्त अपराधों में जप्त एवं गुम हुये वाहन एवं मोबाईल को पुनः पाकर एसपी बेमेतरा एवं पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार धरमजयगढ़**
**जिला -रायगढ़ ( छ.ग. )**
रा.प्र.क्र /अ-19/2022-23
साकिन-धरमजयगढ़ प.ह.नं. 56
तहसील धरमजयगढ़, जिला रायगढ़
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनिल कुमार साह, स्टेट हेड छत्तीसगढ़ अजीम प्रेम जी फाउण्डेसन द्वारा ग्राम गवरघुटरी तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ शासकीय भूमि खसरा नं. 11,12,16 रकबा क्रमशाः 0.9300, 0.7000, 9.3500 में से खसरा नं. 11 से 0.744 हे. खसरा नं. 12 से रकबा 0.259 हे. एवं खसरा नं. 16 से 3.665 हे. भूमि 100 बिस्तर के अस्पतल के संचालन हेतु शासकीय भूमि के आबंटन किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वतः अथवा अपने किसी भी अधिकृत व्यक्ति या अपने अभिभाषक सहित उपस्थित होकर दिनांक 10/08/2023 तक या इससे पूर्व अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2023 को मेरे न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार** धरमजयगढ़

# बिजली विभाग ने पंचायत पर लगाया हजारों का जुर्माना

## सरकारी काम के लिए लिया था अवैध कनेक्शन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

बिजली विभाग द्वारा अवैध कनेक्शन व बिजली की चोरी रोकने के तमाम कोशिशों के बावजूद बिजली के अनाधिकृत उपयोग की खबरें आती रहती हैं। अब जिले में एक सरकारी निर्माण कार्यों के लिए अवैध विद्युत कनेक्शन लेकर बिजली चोरी करने के मामले में संबंधित ग्राम पंचायत पर करीब 22 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत खेदापाली में बन रहे सरकारी भवनों के लिए अवैध बिजली कनेक्शन लिया गया था। इस बात की सूचना पर विभाग की टीम वहां पहुंची और जांच में बिजली चोरी करने का मामला सही पाया। जिसके बाद विभाग द्वारा ग्राम पंचायत पर करीब 22 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया। इस संबंध में खेदापाली ग्राम पंचायत के सरपंच ने फोन पर बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा स्कूल, आंगनबाड़ी व अस्पताल भवन का निर्माण कार्य के लिए बिजली कनेक्शन लिया गया है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग द्वारा लगाए गए जुर्माना राशि को जमा करा दिया गया है।



# आदिवासी समुदायों को अ.ज.जा. सूची में शामिल करने वाला विधेयक संसद में हुआ पारित

## प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार-राधेश्याम राठिया

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

छत्तीसगढ़ के कई समुदायों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने वाला विधेयक संसद में पारित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धरमजयगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय आदिवासी नेता राधेश्याम राठिया ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छग के आदिवासी समुदायों को अजजा सूची में शामिल कर उन्हें बहुत बड़ी सौगात देने का कार्य किया है। बीते 25 जुलाई को संविधान अनुसूचित जनजाति आदेश,पांचवां संशोधन, विधेयक, 2022 पर संसद के दोनों सदनों पर



चर्चा हुई। फि र विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। भाजपा आदिवासी नेता राधेश्याम राठिया ने आगे बताते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने से छग के कई आदिवासी समुदायों धनुहार, धनुवार, किसान, सौंरा, साओंरा और बिंझिया समुदायों को अनुसूचित जनजाति की कैटगरी में शामिल करने का प्रावधान है। इसके अलावा इसमें भुइन्या, भुइयां और भुयान समुदायों को भरिया भूमिया समुदाय का ही हिस्सा माने जाने का प्रावधान किया गया है, भरिया भूमिया समुदाय पहले से ही अजजा सूची में शामिल है। भाजपा आदिवासी राठिया नेता यह भी कहा कि संविधान अनुसूचित जनजाति आदेश पांचवां संशोधन, विधेयक, 2022, छत्तीसगढ़ की जनजातियों के हित में है और मोदी सरकार इस बात को मानती है कि आदिवासी समुदायों का विकास सीधे तौर पर देश की सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक प्रगति से जुड़ा है।

# नौकरी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, छाल खदान 4 दिन से बंद

जोहार छत्तीसगढ़-छाल।






छाल तहसील अंतर्गत ग्राम लात के सैकड़ों भू-विस्थापित परिवार नौकरी की मांग को लेकर 24 जुलाई से छाल खुली खदान के गेट में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे हैं। जिसके कारण चार दिनों से एसईसीएल का छाल खदान बंद है। एसईसीएल को कई करोड़ों का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। हड़ताली आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। बता दें कि इससे पहले भी कई बार लात छाल के विस्थापित परिवारों द्वारा खदान बंद किया गया है पर हर बार उन्हें आश्वासन ही मिलता है। लात के विस्थापित परिवार के पक्ष में बिलासपुर उच्च न्यायालय भी आदेश कर चुका है। साथ ही कलेक्टर जिला रायगढ़ भी एसईसीएल प्रबंधक को नौकरी देने कई पत्र लिख चुके हैं। एसडीएम धरमजयगढ़ द्वारा भी पात्र लोगों की सूची एसईसीएल प्रबंधक को दी गई है। पर एसईसीएल प्रबंधक कोई पहल नहीं कर रहा है। 4 दिनों से परिवार सहित खदान के गेट में बैठे लोगों का हाल जानने 25 जुलाई को एसडीएम धरमजयगढ़ पहुंचे थे। जहां उन्होंने विस्थापितों को मानने का प्रयास भी किया, पर ग्राम लात के विस्थापित नहीं माने हड़ताल जारी रहेगा करके निवेदन किए। विस्थापितों का मुख्य मांग छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति का पालन कर नौकरी दिलाने की है।

## एक नजर

# डीईओ ने प्राथमिक शाला सेन्द्रीमुण्डा के सहायक शिक्षक एल.बी. को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

## विद्यालय के छात्रों से हाथ, पैर, सिर दबवाने, मसाज कराने एवं छात्रों द्वारा नहीं करने पर मारपीट कर विद्यालय से भगा देने के मामले में हुई कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कुनकुरी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला सेन्द्रीमुण्डा के सहायक शिक्षक एल.बी. विजय यादव को विद्यालय के छात्रों से हाथ, पैर, सिर दबवाना, मसाज कराना एवं छात्रों द्वारा नहीं करने पर छात्रों को मारपीट कर विद्यालय से भगा देने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

डीईओ ने जानकारी देते हुए बताया है कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुनकुरी के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन व छात्रों के बयान के आधार पर यादव के द्वारा अपने विद्यालय के छात्रों से हाथ, पैर, सिर दबवाना, मसाज कराना एवं छात्रों द्वारा नहीं करने पर छात्रों को मारपीट कर विद्यालय से भगा देना सही पाया गया। संबंधित का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के सर्वथा विपरीत है जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिसके कारण से विजय यादव, सहायक शिक्षक एल.बी. शासकीय प्राथमिक शाला सेन्द्रीमुण्डा, विकासखण्ड कुनकुरी, को छ.ग. सिविल सेवा-वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड पत्थलगांव नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# भीम रेजिमेंट ब्लॉक इकाई नवागढ़ ने कई मांगो को लेकर विधायक गुरुदयाल बंजारे एवं भूपेश बघेल का बस स्टेंड में किया पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ व ब्लॉक इकाई नवागढ़ के नेतृत्व में 27 जुलाई 2023 गुरुवार कों नवागढ़ बस स्टेंड में कई सूत्री मांगो कों लेकर संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे एवं भूपेश बघेल कों मांगो कों पुरा करने का नारा लगाते हुए भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ द्वारा मुर्दा बाद का नारा लगाते हुए नवागढ़ गांधी चौक से लेकर बस स्टेंड तक कांग्रेस सरकार को मांग पुरा करना होगा करके मुर्दा बाद का नारे लगाते हुवें बस स्टेड नवागढ़ में संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे व भूपेश बघेल का पुतला दहन करके नवागढ़ का नायब तहसीलदार कों बस स्टेंड में सौंपे ज्ञापन। जिसमें प्रदेश महासचिव दिनेश चतुर्वेदी। जिला अध्यक्ष बेमेतरा अविनाश घृतलहरे, राहुल दाहिरे कुवर्जित लुमेश टंडन हेमन्त बंजारे कमलेश लहरे जिला अध्यक्ष कवर्धा एवं पूरी टीम प्रेमचंद कुर्रे जिला अध्यक्ष मुंगेली एवं पूरी टीम एवं समस्त सदस्य जिला इकाई बेमेतरा भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों का हुआ शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।






भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गुरुवार को राजस्थान से प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों का शुभारंभ सम्पूर्ण भारत वर्ष में किया गया। एवं सभी जिलों में शुभारंभ करने की शुरुआत की छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक जिले में भी आज से शुभारंभ किया गया। सक्ती जिले के अन्तर्गत अशोका टेंडर स्टेशन रोड सक्ती, बंसल किसान बीज भंडार में प्रधान मंत्री समृद्धि केन्द्र बुधवारी बाजार में शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में कृषि विभाग अधिकारी साहू, पटेल, एवं ग्रामीण किसानों को टीबी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनाया गया, भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव,महामंत्री अमन डालमिया,रबि अग्रवाल, एवं किसानों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। इन केन्द्रों से कम दरों पर खाद, बीज,दबाई किसानों को आसानी से उपलब्ध होगी।

# आजीविका मिशन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले कैडर दीदीयों को गिरीश गुप्ता ने किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

**भटगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आजीविका मिशन क्लस्टर लटोरी एवं सिलफिली के 24 पंचायत के 80 कैडर दीदीओ को पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने श्रीफल रजिस्टर पेन एवं प्रधानमंत्री मोदी का फोटो भेटकर सम्मानित किया।**



कार्यक्रम का शुरुवात मितानीनो ने समुह स्वागत गीत से किया। अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया तत्पश्चात कैडरों ने अपना प्रस्तावना रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के पंचायत विभाग के अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के सभी कैडर पूर्ण निष्ठा ईमानदारी से काम कर रहे हैं 20 से 30 गांव होते हैं जहा जाकर काम करना पड़ता है इसमें 8 घंटे से अधिक समय लगता है एवं आने जाने का कोई भत्ता नहीं दिया जाता है। पीआरपी के लिए नियम बनाया गया है कि उन्हें अपने गृह जिले के अलावा अन्य जिले में काम करना होगा नए जिले में जाकर रहने के मकान किराया और अन्य खर्च इतने कम मानदेय में कतई संभव नहीं है सभी कार्य एंड्रॉयड मोबाइल से कराया जाता है। जबकि इतने अल्प मानदेय में मोबाइल उनका मासिक खर्च करना संभव नहीं है वर्तमान में हम लोग अति अल्प मानदेय में काम कर रहे हैं वह इस प्रकार है टीआरपी 13000 एप्पल सीआरपी 5000 हजार आरबीके 22 सौ रूपये, बैंक मित्र 25 सौ रूपये महिला कृषि मित्र पशु सखी 15 सौ रुपए मिलता है। इसके बावजूद मासिक मानदेय नियमित रूप से नहीं मिलता है हमारा कार्य पूर्ण कालीन है और कोई अवकाश नहीं दिया जाता है यहां तक कि रविवार के दिन भी हमें काम करना पड़ता है हमारा पूरा वेतन इस कार्य को करने में ही खर्च हो जाता है सरकार के द्वारा पूर्व में मानदेय बढ़ाने की बात कही गई थी किंतु आज तक मानदेय नहीं बढ़ाया गया इस पर विचार करें कैडर दीदीयो ने कहा कि आज तक हमें कोई सम्मानित नहीं किया है पहली बार गिरीश गुप्ता के द्वारा हमें सम्मानित किया जा रहा है हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं हम सदैव आपके अभारी रहेंगे। गिरीश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन गरीब महिलाओं के लिए संजीवनी साबित हो रही है हमारी माताएं बहने आत्म निर्भर बन रही है हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं ग्रामीण परिवेश में मुश्किलों से अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली महिलाएं अब शस्क्त बन रही है अब महिलाएं समाज को नई दिशा दे रही हैं आजीविका मिशन के तहत विभिन्न वर्ग जाति समाज की गरीब महिलाएं स्वयं सहायता समूह और उनके संघों में शामिल होती हैं जो अपने सदस्यों को उनकी आय और जीवन गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आर्थिक एवं सामाजिक सेवा प्रदान करते हैं और आजीविका मिशन बिहान के सभी महिलाएं सभी कार्य पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करती हैं हमारी टीआरपी सीआरपीसी में दिन रात मेहनत करती हैं इसके बावजूद इन को समय पर वेतन नहीं मिलता है मैं अपने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से चर्चा करूंगा साथी आपके मानदेय बढ़ाने के लिए जिस जगह पर संघर्ष करना पड़ेगा मैं आपके साथ हूं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से किरण सिंह केरामएमोहन शर्माए नुतन विश्वासएफिरोज खानए अनुप जायसवालए भोग प्रसाद राजवाडेए सहीत अन्य लोग उपस्थित थे।

# सूरजपुर के शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में राजधानी रायपुर शामिल होगें

## 8 सूत्रीय मांगों के लिए 28 जुलाई को होगा आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

छत्तीसगढ़ शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के द्वारा राजधानी रायपुर में 28 जुलाई को आयोजित धरना और शासकीय वाहनों के चक्काजाम आंदोलन में सूरजपुर जिले के भी शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक शामिल होंगे। प्रांतीय निकाय के आव्हान पर जिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस संबंध में कलेक्टर परिसर वाहन चालक कक्ष में बैठक का आयोजन कर आंदोलन में भाग लेने का निर्णय लिया।



बैठक में संघ के प्रदेश महामंत्री रमेश राजवाड़े ने बताया कि संघ के द्वारा आठ सूत्रीय मांगों के समर्थन में यह आंदोलन किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में वाहन चालकों प्रारभिक ग्रेड वेतन 2800 रूपये किये जाने, दैनिक वेतन भोगी, संविदाकर्मी और कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किये जाने, शैक्षिणिक योग्यता के आधार पर वाहन चालकों को भी पद परिवर्तन पदोन्नति करने, कार्यभारित प्रथा समाप्त कर कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित स्थापना में करने, शासकीय विभागों के वाहन चालकों के दुरुपयोग पर अंकुश करने, शासन द्वारा विभिन्न विभागों में व्यापम एवं सिधी भर्ती के माध्यम से दैनिक वेतन भोगी वाहन चालक को प्राथमिकता दी जाये, वाहन चालकों को मोबाईल भत्ता 200 रुपए के स्थान पर 1000 रुपए करने, समस्त शासकीय वाहनों का बीमा अनिवार्य रूप से कराने सहित मांग शामिल है। बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष परमेश्वर राम देवांगन, मुकेश साहू, संतोष सिंह, जियाउल हुसैन, शंकर रजक, महेन्द्र कुमार देवांगन, देवनंदन सिंह, सुनील सिंह, नरेंद्र गुप्ता, रवि श्रीवास्तव, पंकज सिंह, भुनेश्वर राजवाड़े, सनीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# पूरे प्रदेश में भूपेश सरकार के खिलाफ माहौल-नितिन नवीन

## कोर कमेटी की बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्र जीतने की बनी रणनीति

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




भाजपा द्वारा चुनावी तैयारियों के मद्देनजर सर्किट हाउस सूरजपुर में प्रदेश सहप्रभारी नितिन नवीन ने जिला भाजपा समन्वय समिति व प्रेमनगर,भटगांव व प्रतापपुर विधानसभा के कोर कमेटियों की बैठक लेकर जवाबदेही सौंपी। लगभग दिन भर चले मैराथन बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए व्यापक रणनीति तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। प्रदेश सहप्रभारी नितिन नवीन ने पूर्व पदाधिकारी व वरिष्ठ भाजपा नेताओं की बैठक लेकर उनसे चुनाव मे उनके व्यापक राजनीतिक अनुभवों व परिश्रम से पार्टी प्रत्याशी के जीत में अहम भूमिका निभाने का आग्रह किया। प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन ने कोर कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश मे कांग्रेस के भ्रष्ट भूपेश सरकार के खिलाफ माहौल है। आज प्रदेश के युवा, महिलाएं कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरे हुए हैं। कांग्रेस सरकार के पांच साल पूरे होने को है ऐसे में कांग्रेस का जनघोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा साबित हो गया है आज प्रदेश का हर वर्ग अपने को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं एकजुट होकर कार्य करें प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने वाली है। बैठक में जनसरोकार से जुड़े स्थानीय मुद्दों को लेकर व्यापक आंदोलन की रणनीति बनी है तथा सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जवाबदारी सौंपी गई है। किसान मोर्चा के नेतृत्व में आगामी अगस्त महीने में किसानों को दबावपूर्वक घटिया वर्मीकम्पोस्ट दिए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले नौ वर्षों मे समाज के हर वर्ग के विकास व कल्याण का काम किया है।

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से पिछले वर्षों के तुलना चार गुना से ज्यादा धान खरीकर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। केन्द्र सरकार ने देश की 12 जनजातियां जो मात्रात्मक त्रुटि के कारण अपने अधिकारों से वंचित थी उन्हें अजजा वर्ग मे सम्मिलित करने का बड़ा ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

बैठक को संभागीय प्रभारी संजय श्रीवास्तव, जिला प्रभारी राजा पांडेय,भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैंकरा,रजनी त्रिपाठी, परमेश्वरी राजवाड़े, अखिलेश सोनी, भीमसेन अग्रवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, संजय अग्रवाल, अजय गोयल, रामकृपाल साहू,रामेश्वर पाण्डेय, प्रबोध मिंज, गौरीशंकर अग्रवाल, मोहन सिंह, चरण सिंह अग्रवाल, बनारसी जायसवाल,राजेश अग्रवाल,मुरली सोनी सहित जिला समन्वयक समिति व तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कोर कमेटी सदस्य मौजूद रहे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in